• जयपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल 24 • वर्ष 13 • अंक 233 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

सुविचार

“सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।”

● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



पेज @3 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों ....

पेज @4 राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) भरतपुर ने भारत रत्न बाबा साहब ...

पेज @8 भाजपा के पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी ...

## एक नजर

### सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले की जांच शुरू

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया कि सलमान खान के आवास पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों के फोटो सीसीटीवी के जरिये मिल गए हैं। साथ ही फायरिंग के लिए उपयोग में लाई गई मोटसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। यह मोटरसाइकिल रायगढ़ जिले की है और आरोपितों ने इसे सेकंड हैंड खरीदा था। अब मोटरसाइकिल के पहले मालिक की तलाश की जा रही है।

### के. कविता 23 तक न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता को सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। आज के. कविता की सीबीआई हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। सीबीआई ने के. कविता की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत की मांग की। सीबीआई ने के. कविता को 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में के. कविता भी साजिश में शामिल थी। इसके पहले के. कविता आबकारी घोटाला मामले के मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में न्यायिक हिरासत में थी। सीबीआई ने के. कविता से 6 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में पूछताछ की थी।

### 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वरार्टू (घर वापस आइए) के तहत सोमवार को एक लाख रुपये के इनामी सहित 26 नक्सलियों ने जिला पुलिस कप्तान के सामने आत्मसमर्पण किया है। लोकसभा चुनाव के मतदान से पहले पुलिस प्रशासन की पहल रंग लाई। समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की मंशा के साथ एक लाख रुपये के इनामी नक्सली सुकमा जिले के पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी के साथ 25 अन्य नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें 20 पुरुष और छह महिला नक्सली शामिल हैं।

पीएम मोदी ने राहुल पर साधा निशाना, कहा-

# खानदानी सीट बचानी मुश्किल हुई तो केरल को बनाया ठिकाना

● कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिस पर देश में बैन है

● केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ से सावधान रहना होगा : मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है।

त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, ‘कांग्रेस के एक बड़े नेता, जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है।’ कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिसको देश में बैन किया गया है।

केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ‘केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा।’ प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा, ‘केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठबंधन करते हैं। कभी कांग्रेस के भाई-भतीजावाद के आलोचक रहे वामपंथी अब इस मामले पर उनकी सलाह चाहते हैं। आईएनडीआई गठबंधन के तहत एकजुट होकर वे भ्रष्टाचार पर मोदी की कार्रवाई से डरते हैं। उनका साझा लक्ष्य मोदी हैं लेकिन निश्चिंत रहें, भाजपा और एनडीए के लिए हर वोट गरीबों के कल्याण के लिए बोलेगा।’

### भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र

भाजपा के हाल ही में जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र है। घोषणापत्र के हर पन्ने पर मोदी की गारंटी है। मोदी ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार मिलेगा। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों के लिए 3 करोड़ नए घर बनाए जाएंगे, मोदी की गारंटी का मतलब है कि केरल के हर जन औषधि केंद्र पर लोगों को 80 प्रतिशत छूट पर सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और मोदी की गारंटी यानी हमारे युवाओं को अब मुद्रा योजना के तहत 10 लाख की जगह 20 लाख रुपये का सहयोग मिलेगा।

### सीपीएम ने घोटाले के पीड़ितों से किया झूठा वादा

मौजूदा शासन पर तीखा कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ‘तीन साल तक, सीपीएम मुख्यमंत्री ने सहकारी घोटाले के पीड़ितों के लिए न्याय का झूठा वादा किया। यह आपके सेवक मोदी थे, जिनके नेतृत्व में जांच शुरू की गई, जिससे दोषियों की 90 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। पीड़ितों को धनराशि की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सलाह मांगी गई है। भाजपा सरकार पहले ही देशभर में घोटाला पीड़ितों को 17,000 करोड़ रुपये वापस कर चुकी है। निश्चिंत रहें, इस भ्रष्ट योजना में खोए गए धन को वापस पाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।’

# ‘देश को काले धन की तरफ धकेला, हर कोई पछताएगा...’

नई दिल्ली/एजेंसी


## पीएम ने कहा - चुनावी बॉन्ड स्कीम पर विपक्ष ने फैलाया झूठ

लोकसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी चंदे की स्कीम यानी इलेक्टोरल बॉन्ड को खत्म कर दिया है. विपक्षी दल इसे मुद्दा बना रहे हैं. अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर बयान दिया है. पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को लेकर 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा, ₹इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण आपको मनी ट्रेल का पता चल रहा है. किस कंपनी ने पैसा दिया? उन्होंने पैसे किसे दिया? पैसा कहां दिया? इन सवालों के जवाब मिल पा रहे हैं. इसलिए मैं कहता हूं कि जब विपक्षी दल ईमानदारी से सोचेंगे, तो हर किसी को पछतावा होगा. जो लोग डेटा पब्लिक होने को लेकर हल्ला मचा रहे हैं, उन्हें बाद में अफसोस होगा. उन्होंने देश को काले धन की तरफ धकेला है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यूज एजेंसी अठक को दिए खास इंटरव्यू में ये बातें कही. मोदी ने कहा कि 2014 के पहले भी चुनावों में खर्चा होता था. तब कौन-सा पैसा कहां से आया और किसने खर्च किया, इसकी जानकारी नहीं मिलती थी. कोई भी सिस्टम परफेक्ट नहीं होता. कमियों को सुधारा जा सकता है. मोदी ने कहा, ₹हमारे देश में लंबे समय से चर्चा चल रही है कि काले धन के जरिए चुनावों में एक खतरनाक खेल होता है. देश के चुनावों में काले धन का खेल खत्म हो, यह चर्चा लंबे समय से चल रही है. प्रधानमंत्री ने कहा, ₹बेशक चुनाव में भारी मात्रा में पैसा खर्च होता है. मेरी पार्टी भी चुनाव में पैसे खर्च करती है. सभी पार्टियां और सभी उम्मीदवार पैसे खर्च करते हैं. पैसा चंदे के तौर पर लोगों से लेना पड़ता है. मैं चाहता था कि हम कुछ ऐसा करें, जिससे हमारा चुनाव में काले धन का इस्तेमाल न हो पाए. मेरे मन में एक शुद्ध विचार था. हम एक छोटा सा रास्ता ढूंढ रहे थे. हमने कभी यह दावा नहीं किया कि यह बिल्कुल सही रास्ता है.

पीएम ने कहा, जब संबंधित विधेयक पारित किया गया था, तब संसद में बहस हुई थी. आज जो लोग इलेक्टोरल बॉन्ड्स की आलोचना कर रहे हैं, उन्हीं लोगों ने तब इसका समर्थन किया था.

पीएम ने कहा, ₹काले धन से निपटने की कोशिशों के तहत मेरी सरकार ने 1000 और 2000 रुपये के करेंसी नोटों को बंद करने का फैसला लिया था.



लातेहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

# आठ आईईडी बम बरामद

संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को



जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया।

एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका

# ईडी को ‘सुप्रीम’ नोटिस, कोर्ट ने 24 अप्रैल तक जवाब मांगा

● जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच 29 अप्रैल को करेगी अगली सुनवाई

● ईडी के जवाब पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने ईडी को 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने ईडी की ओर से जवाब दाखिल होने पर केजरीवाल को 27 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने 9 अप्रैल को अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी थी।



### केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। आज केजरीवाल की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद उन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 28 मार्च को कोर्ट ने केजरीवाल को 1 अप्रैल तक की ईडी हिरासत में भेजा था।

### पीएम मोदी के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** भगवान और पूजा स्थल के नाम पर वोट मांगकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। वकील आनंद एस जोंधाले की ओर से दायर याचिका में नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अपने भाषण में हिन्दू और सिख गुरुओं के नाम पर भाजपा के लिए वोट मांगे। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने विपक्ष को मुसलमानों से जोड़ कर बोला, जो जनप्रतिनिधित्व कानून का खुला उल्लंघन है। याचिका में मांग की गई है कि प्रधानमंत्री को चुनाव के लिए अयोग्य घोषित किया जाए। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री का भाषण लोकसभा चुनाव में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा पैदा कर सकता है। इसलिए निर्वाचन आयोग इस पर संज्ञान लेकर प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करे।

# सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में बिहार कनेक्शन, 24 और 21 साल के हैं आरोपी

पटना/एज्जेंसी

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है. फायरिंग करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान के साथ-साथ गिरफ्तार भी कर लिया गया है. दोनों आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद गुजरात भाग गए थे. दोनों को गुजरात के कच्छ से गिरफ्तार करके मुंबई लाया जा रहा है. क्राइम ब्रांच की टीम दोनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश करेगी. आरोपी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं.

सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वालों की पहचान 24 वर्षीय विक्की साहब गुप्ता और 21 वर्षीय श्रीजोगेन्द्र पाल के रूप में हुई है. दोनों आरोपी बिहार के पश्चिमी चंपारण के नरकटिया तहसील के मसही गांव के रहने वाले हैं. इसके अलावा सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि इस फायरिंग मामले में लॉरेंस बिश्नोई



से मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम पूछताछ कर सकती है. इसके लिए एक टीम गुजरात के साबरमती रवाना होगी. क्योंकि फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई साबरमती जेल में बंद है.

सलमान खान के भाई अरबाज खान ने फायरिंग मामले पर बयान दिया है. उन्होंने कहा, ‘गोलीबारी की हालिया घटना बहुत परेशान करने वाली है इस दिल दहला देने वाली घटना से हमारा परिवार सदमे में है. दुर्भाग्य से हमारे परिवार के करीबी होने का दावा करने वाले और प्रवक्ता होने का दिखावा करने वाले कुछ लोग मीडिया में अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं और कह रहे हैं कि यह सब एक प्रचार स्टंट है और परिवार अप्रभावित रहेगा, जो सच नहीं है और इन विचारों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए. इस घटना को लेकर सलीम खान परिवार के किसी भी सदस्य ने मीडिया के सामने कोई बयान नहीं दिया है. इस समय परिवार इस अप्रिय घटना की जांच में पुलिस की मदद और सहयोग कर रहा है. हमें मुंबई पुलिस पर भरोसा है और हमें आश्वासन दिया गया है कि वे हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए अपनी क्षमता से सब कुछ करेंगे.’

सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी उज्बेकिस्तान रवाना

# भारत- उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगा और बढ़ावा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना उज्बेकिस्तान गणराज्य के टर्मेज में होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘डस्टलिक’ में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को रवाना हो गई। उज्बेकिस्तानी सेना के साथ 28 अप्रैल तक होने वाला अभ्यास का 5वां संस्करण वार्षिक कार्यक्रम है, जो वैकल्पिक रूप से भारत और उज्बेकिस्तान में हर साल किया जाता है। अभ्यास 'डस्टलिक' दोनों पक्षों को संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम बनाएगा। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ने के साथ ही दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।

● सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 18 अप्रैल को देखेंगे सैन्य अभ्यास



इसका अंतिम संस्करण पिछले साल फरवरी में पिथौरागढ़ (भारत) में आयोजित किया गया था। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे भी आज ही उज्बेकिस्तान गणराज्य के लिए चार दिनों की यात्रा पर रवाना हुए हैं।

कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि संयुक्त सैन्य अभ्यास ‘डस्टलिक’ में भारतीय सशस्त्र बल के 60 कर्मी हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व जाट रेजिमेंट की एक बटालियन करेगी, जिसमें 45 जवान होंगे। भारतीय टुकड़ी में वायु सेना के भी 15 कर्मी शामिल होंगे। इसी तरह उज्बेकिस्तानी सेना और वायु सेना की टुकड़ी में 100 कर्मी होंगे। उज्बेकिस्तान की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व दक्षिण-पश्चिम सैन्य जिले के हिस्से और दक्षिणी ऑपरेशनल कमांड के कर्मी करेंगे। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का 18 अप्रैल को टर्मेज में संयुक्त अभ्यास 'डस्टलिक' देखने का कार्यक्रम है।

उन्होंने बताया कि ‘डस्टलिक’ अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना, पहाड़ी और अर्ध शहरी इलाकों में संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजना, संयुक्त सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल की बुनियादी बातों पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस सामरिक अभ्यास में संयुक्त कमांड पोस्ट का निर्माण, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, लैंडिंग साइट की सुरक्षा, विशेष हेलीबोर्न संचालन, घेरा और खोज संचालन और अवैध संरचनाओं के विध्वंस शामिल होंगे।

लेक्चरर नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला

# हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा विस्तृत जवाब

संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 2008 में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय में 600 से अधिक लेक्चरर नियुक्ति को चुनौती देने वाली डॉ मीना कुमारी और अन्य की याचिका पर सुनवाई सोमवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से लेक्चरर नियुक्ति से संबंधित विषय पर विस्तृत जवाब मांगा है। जेपीएससी से अधिवक्ता संजय पिपरववाल एवं अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा।

इससे पहले कोर्ट ने जेपीएससी से जानना चाहा कि इस मामले की सीबीआई जांच कैसे दी गई? इस पर जेपीएससी की ओर से बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के आलोक में इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है।

सीबीआई की ओर से बताया गया कि मामले में आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है, निचली अदालत में यह मामला आरोपितों की उपस्थिति पर चल रहा है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका अभी भी अस्तित्व में है, इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट में अभी भी चल रही है। जेपीएससी एवं सीबीआई का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका के निष्पादन के बाद करने का निर्देश दिया।

# लोकसभा चुनाव में एक नये अध्याय की शुरुआत हो

लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दलों में एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला हमेशा की तरह परवान चढ़ने लगा है। राजनीति में स्वच्छता, नैतिकता एवं मूल्यों की स्थापना के तमाम दावों के अनैतिकता, दल-बदल, आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक मानसिकता पसरी है। राजनेता दलबदल की ताल ठोक रहे हैं। दलबदलुओं को टिकट देने में कोई दल पीछे नहीं रहा, क्योंकि सवाल, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने तक जो सीमित रह गया है। सिद्धांतों और राजनीतिक मूल्यों की परवाह कम ही लोगों को रह गई है। चुनावी राजनीति देश के माहौल में कड़वाहट घोलने का काम भी कर रही है। स्वस्थ एवं मूल्यपरक राजनीति को किनारे किया जा रहा है। राजनीति पूरी तरह से जातिवाद, बाहुबल और धनबल तक सिमट गई है। हालत यह है कि अब तक राजनीति दलों ने जिन प्रत्याशियों को उतारा है, उनमें आधे से अधिक दलबदलू, अपराधी अथवा दागी हैं।


ऐसे में राजनीति के स्तर में सुधार की उम्मीद आखिर कौन, किससे करे? इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों की चुप्पी तो समझ में आती है, लेकिन चुनाव आयोग की खामोशी समझ से परे है। लोकसभा चुनाव नेतृत्व चयन का ऐतिहासिक एवं महत्वपूर्ण अवसर है, इस अवसर पर लाओत्जु ताओ ते चिंग की पुस्तक 'द ताओ ऑफ लीडरशिप' राजनीति एवं राजनेताओं के लिये एक रोशनी है। यह एक अद्भुत, अद्वितीय एवं अप्रतिम कृति हैं जो नये युग के लिए नेतृत्व की रचनात्मक व्यूह रचना प्रस्तुत करती है। आज जबकि देश और दुनिया में सर्वत्र नेतृत्व के प्रश्न पर एक घना अंधेरा छाया हुआ है, निराशा और दायित्वहीनता की चरम पराकाष्ठा ने राजनीति एवं नेतृत्व को जटिल दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। समाज और राष्ट्र के समुचे परिदृश्य पर जब हम दृष्टि डालते हैं तो हमें जिन विषम और जटिल परिस्थितियों से रू-ब-रू होना पड़ता है, उन विषम हालातों के बीच ठीक से राह दिखाने वाला कोई नेतृत्व नजर नहीं आता। यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि लोकतंत्र धुंधलका सब देख रहे हैं, लेकिन खामोशी के साथ। शायद सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि आखिर उसे मैदान में डटे उम्मीदवारों में से ही एक को चुनना है। इस देश ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला अपराध, गरीबी, सांप्रदायिकता के खिलाफ भी जनता को सड़कों पर उतरते देखा है लेकिन राजनीति में टकराव, अपराध, देश-विरोध और हिंसा की राजनीति के खिलाफ कभी कोई आंदोलन नहीं हुआ।

चुनाव आयोग की अपनी सीमाएं हो सकती हैं, लेकिन जेल में बैठे-बैठे लोग चुनाव लड़ भी लेते हैं और जीत भी जाते हैं। खलनायक नायक बनने लगे हैं। चुनाव लड़ने के लिए अधिकतम खर्च की सीमा सरेआम ध्वस्त होती है, लेकिन आयोग कुछ कर नहीं पाता। चुनाव प्रचार के दौरान अपशब्दों का उच्चारण-गालीगलोच खुल्लम-खुल्ला होता है, लेकिन आयोग नोटिस देकर ही अपने दायित्व से मुक्त हो जाता है। मतदाताओं के वोट खरीदने के लिए उन्हें सरेआम पैसे ही नहीं शराब तक बांटी जाती है, लेकिन किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। जनता राजनीति के गिरते स्तर से त्रस्त तो है, लेकिन उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाती। इन लोकसभा चुनाव में यह चुप्पी टूटनी चाहिए और आजादी के अमृतकाल को अमृममय बनाने वाला नेतृत्व सामने आना चाहिए। ऐसा नेतृत्व जो देश को अग्रणी आर्थिक महाशक्ति के रूप में ले जाये एवं विकास की स्वर्णिम गाथा को गढ़े। एक सफल, सार्थक, समर्थ एवं चरित्रसम्पन्न विपक्षी नेतृत्व की आवश्यकता हर दौर में रही है, लेकिन आज यह ज्यादा तीव्रता से महसूस की जा रही है। विपक्षी नेतृत्व कैसा हो, उसका अपना साथियों के साथ-साथ सत्तापक्ष के साथ कैसा सलूक हो? उसमें क्या हो, क्या न हो? वह क्या करे, क्यों करे, कब करे, कैसे करे? इत्यादि कुछ जटिल एवं गंभीर प्रश्न हैं जिनके जवाब ढूंढ़े बिना हम एक सक्षम विपक्षी नेतृत्व को उजागर नहीं कर सकते। इन प्रश्नों के उत्तरों की कसौटी पर ही हमें आने वाले सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के नेतृत्व को कसना होगा। जिस नेतृत्व के पास इन प्रश्नों के उत्तर होंगे, जो समयज्ञ होगा, सहिष्णु होगा, तटस्थ होगा, दूरदर्शी होगा, निःस्वार्थी होगा, वैसा ही नेतृत्व जिस राष्ट्र को प्राप्त होगा, उसकी प्रगति को संसार की कोई शक्ति बाधित नहीं कर सकेगी। ऐसा ही नेतृत्व नया इतिहास बना सकेगा और भावी पीढ़ी को उन्नत दिशाओं की ओर अग्रसर कर सकेगा। आज चुनाव प्रचार में जिस तरह की आरोप-प्रत्यारोप की हिंसक संस्कृति पनपी है, एक दूसरे पर जूते-चप्पल फेंके जाते है, पत्थर से हमला किया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी और हंगामा आदि घटनाएं ऐसी है जो नेतृत्व को धुंधलाती है।

नेतृत्व को लेकर लोगों की मानसिकता में बहुत बदलाव आया है, आज योग्य नेतृत्व की प्यासी परिस्थितियां तो हैं, लेकिन बदकिस्मती से अपेक्षित नेतृत्व नहीं हैं। जलाशय है, जल नहीं है। नगर है, नागरिक नहीं है। भूख है, रोटी नहीं है-ऐसे में हमें सोचना होगा कि क्या नेतृत्व की इस अप्रत्याशित रिक्तता को भरा जा सकता है? क्या राष्ट्र के सामने आज जो भयावह एवं विकट संकट और दुविधा है उससे छुटकारा मिल सकता है? हालही में नेतृत्व के प्रश्न पर एक करारा व्यंग्य पढ़ा था- 'देश और ट्रेन में यही अंतर है कि ट्रेन को लापरवाही से नहीं चलाया जा सकता।' यानी देश के संचालन में की गई लापरवाही तो क्षम्य हैं पर ट्रेन के पटरी से उतरने में की गई लापरवाही क्षम्य नहीं, क्योंकि इसके साथ आदमी की जिंदगी का सवाल जुड़ा है। मगर हम यह न भूलें कि देश का नेतृत्व अपने सिद्धांतों और आदर्शों की पटरी से जिस दिन उतर गया तो पूरी इन्सानियत एवं राष्ट्रीयता की बरबादी का सवाल उठ खड़ा होगा। आज देश में लोकतांत्रिक, सांस्कृतिक, नैतिक जीवन-मूल्यों के मानक बदल गये हैं न्याय, कानून और व्यवस्था के उद्देश्य अब नई व्याख्या देने लगे हैं। चरित्र हासिए पर आ गया, सत्ता केन्द्र में आ खड़ी हुई।

ऐसे समय में कुर्सी पाने की दौड़ में लोग जिम्मेदारियां नहीं बांटते, चरित्र बांटने लगते हैं और जिस देश का चरित्र बिकाऊ हो जाता है उसकी आत्मा कैसे जिंदा रखी जाए, चिंतनीय प्रश्न उठा खड़ा हुआ है। आज कौन अपने दायित्व के प्रति जिम्मेदार है? कौन नीतियों के प्रति ईमानदार है? इस संदर्भ में आचार्य तुलसी का कथन यथार्थ का उद्घाटन करता है कि ''ऐसा लगता है कि राजनीतिज्ञ का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीतिनिपुण व्यक्तित्व से नहीं, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरि महत्व दें, किन्तु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता है।'' राजनैतिक लोगों से महात्मा बनने की उम्मीद तो नहीं की जा सकती, पर वे पशुता पर उतर आएं, यह ठीक नहीं है।

# श्रीराम के प्रकृति-प्रेम की सकारात्मक ऊर्जा



ललित गर्ग

हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों के रामनवमी बहुत ही शुभ दिन होता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि त्रेता युग में चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण हुआ था। धार्मिक मत है कि सभी प्रकार के मांगलिक कार्य इस दिन बिना मुहूर्त विचार किये भी संपन्न किए जा सकते हैं। रामनवमी पर पारिवारिक सुख-शांति और समृद्धि के लिए व्रत भी रखा जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा करने से साधक के सकल मनोरथ सिद्ध होते हैं। साथ ही साधक भगवान श्रीराम की कृपा के भागी बनते हैं। पर्यावरण की विकराल होती समस्या के संदर्भ में भगवान श्रीराम का प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संदेश इस समस्या के समाधान का एक बड़ा माध्यम बन सकता है, ऐसा हुआ तो हमारा रामनवमी मनाना सार्थक होगा।

श्रीराम के चैदह वर्ष के वनवास से हमें पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा मिलती है। जन्म, बचपन, शासन एवं मृत्यु तक उनका सम्पूर्ण जीवन प्रकृति-प्रेम एवं पर्यावरण चेतना से ओतप्रोत है। आज देश एवं दुनिया में पर्यावरण प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान श्रीराम के प्रकृति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की शिक्षाओं से मिलता है। भारतीय संस्कृति में हरे-भरे पेड़, पवित्र नदियां, पहाड़, झरनों, पशु-पक्षियों की रक्षा करने का संदेश हमें विरासत में मिला है। स्वयं भगवान श्रीराम व माता सीता 14 वर्षो तक वन में रहकर प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संदेश दिया। ऋषि-मुनियों के हवन-यज्ञ के जरिए निकलने वाले ऑक्सीजन को अवरोध पहुंचाने वाले दैत्यों का वध करके प्रकृति की रक्षा की। जब श्रीराम ने हमें प्रकृति के साथ जुड़कर रहने का संदेश दिया है तो हम वर्तमान में क्यों प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति की रक्षा करें। गोस्वामी तुलसीदास ने 550 साल पहले रामचरित मानस की रचना करके श्रीराम के चरित्र से दुनिया को श्रेष्ठ पुत्र, श्रेष्ठ पति, श्रेष्ठ राजा, श्रेष्ठ भाई, प्रकृति प्रेम और मर्यादा का पालन करने का संदेश दिया है। रामचरित मानस एक दर्पण है जिसमें व्यक्ति अपने आपको देखकर अपना वर्तमान सुधार सकता है एवं पर्यावरण की विकराल होती समस्या का समाधान पा सकता है।

भारतीय समाज का तानाबाना दो महाकाव्यों रामायण एवं महाभारत के इर्द-गिर्द बुना गया है। इनमें जीवन के साथ मृत्यु को भी अमृतमय बनाने का मार्ग दिखाया गया है। इनमें सशरीर मोक्ष मार्ग के अद्भुत एवं विलक्षण उदाहरण हैं। रामायण में प्रभु श्रीराम चलते हुए सरयू नदी में समा जाते हैं और महाभारत में युधिष्ठिर हिमालय को लांघकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इन दोनों ही घटनाओं में महामानवों ने मृत्यु का माध्यम भी प्रकृति यानी नदी एवं पहाड़ को बनाकर जन-जन को प्रकृति-प्रेम की प्रेरणा दी है। लेकिन हम देख रहे हैं कि आज हमने मोक्षदायी नदी और पहाड़ों की ऐसी स्थिति कर दी है कि वहां मोक्ष तो क्या जीवन जीना भी कठिन हो गया है। क्या हम नदियों एवं पहाड़ों को मोक्षदायी का सम्मान पुनः प्रदान कर पाएंगे। यह हमारे जमाने का यक्षप्रश्न है जिसका उत्तर देने श्रीराम और युधिष्ठिर नहीं आएंगे, लेकिन हमें ही श्रीराम एवं युधिष्ठिर बन कर प्रकृति एवं पर्यावरण के आधार नदियों एवं पहाड़ों के साथी बनना होगा, उनका संरक्षण एवं सम्मान करना होगा। आज संपूर्ण विश्व में नदियों, पहाड़ों, प्रकृति के प्रदूषण को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है, लेकिन हजारों साल पहले भगवान



श्रीराम ने प्रकृति के बीच रहकर प्रकृति को बचाने के लिए प्रेरित किया। भगवान श्रीराम वनवास काल में जिस पर्ण कुटीर में निवास करते थे वहां पांच वृक्ष पीपल, काकर, जामुन, आम व वट वृक्ष था जिसके नीचे बैठकर श्रीराम-सीता भक्ति आराधना करते थे। जो धर्म की रक्षा करेगा धर्म उसी की रक्षा करेगा। आदर्श समाज व्यवस्था का मूल आधार है प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर जीना। रामायण में आदर्श समाज व्यवस्था को रामराज्य के रूप में बताया गया है उसका बड़ा कारण है प्रकृति के कण-कण के प्रति संवेदनशीलता। अनेक स्थानों पर तुलसीदासजी एवं वाल्मीकिजी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को रेखांकित किया है। रामराज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यन्त सम्पन्न एवं स्वर्णिम काल था। मजबूत जड़ों वाले फल तथा फूलों से लदे वृक्ष पूरे क्षेत्र में फैले हुये थे। श्रीराम के राज्य में वृक्षों की जड़ें सदा मजबूत रहती थीं। वे वृक्ष सदा फूलों और फलों से लदे रहते थे। मेघ प्रजा की इच्छा और आवश्यकता के अनुसार ही वर्षा करते थे। वायु मन्द गति से चलती थी, जिससे उसका स्पर्श सुखद जान पड़ता था। इसलिए जो कुछ हम सब रामायण से समझ पाते हैं, वह ही मनुष्य के जीवन जीने की सनातन परंपरा है। वही परंपरा ही हम सबको यह बताती है कि प्रकृति रामराज्य का आधार है। हम श्रीराम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शो को अपनाना नहीं चाहते, प्रकृति-प्रेम को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, सर्वोत्तम चेतना के शिखर है, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। प्रभु श्रीराम ने तो प्रकृति के संतुलन के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। प्रकृति के कण-कण की रक्षा के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और प्रकृति एवं पर्यावरण के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है। प्रकृति को बचाने के लिये संयमित रहना और नियमों का पालन करना चाहिए, इस बात को लोग गंभीरता से नहीं लेते।

आज इक्कीसवीं शताब्दी में पर्यावरण प्रदूषण के रूप में मानव जाति के अस्तित्त्व को ही चुनौती प्रस्तुत कर दी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, ओजोन परत में छिद्र, अम्लीय वर्षा इत्यादि का अत्यन्त विनाशकारी स्वरूप बृद्धिजीवी, विवेकशील, वैज्ञानिकों की चिन्ता का कारण बन चुके हैं। मानव समाज किस समय कौन सी समस्या से ग्रस्त होता है और उसके निदान के लिए समाज के सदस्यों की भूमिका एवं सहभगिता एवं शासकीय प्रयासों की तुलना में अधिक उस समाज के सांस्कृतिक मूल्य अधिक प्रभावी होते हैं। इस संदर्भ में भारतीय संस्कृति के आधार पुरातन ग्रन्थ-वेद, उपनिषद, पुराण, रामायण के साथ- तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरित मानस का अध्ययन व विश्लेषण अत्यन्त लाभप्रद हो सकता है विशेषकर रामचरित मानस का क्योंकि वर्तमान समय में घर-घर में न केवल रामचरितमानस एक पवित्र ग्रन्थ के रूप में पूजा जाता है। वरन इसका पाठ पारिवारिक व सामाजिक स्तर पर किया जाता है।

रामचरित मानस में पर्यावरण के संदर्भ में वर्णन करते हुए कहा है कि उस समय पर्यावरण प्रदूषण कोई समस्या नहीं थी। पृथ्वी के अधिकांश भू-भाग पर वन-क्षेत्र होता था। शिक्षा के केन्द्र आबादी से दूर ऋषि-मुनियों के वनों में स्थित आश्रम हुआ करते थे। प्रकृति की गोद में स्थित इन केन्द्रों से ही हमारी सभ्यता का प्रचार एवं प्रसार हुआ। यहाँ का वातावरण अत्यन्त स्वच्छ एवं निर्मल था। समाज में ऋषि-मुनियों का बड़ा सम्मान था। प्रतापी राजा-महाराजा भी इन ऋषि-मुनियों के सम्मुख नतमस्तक होने में अपना सौभाग्य समझते थे।

यदि हम रामराज्य के अभिलाषी हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी की अवधारणा के अनुरूप शुद्ध पेयजल एवं शुद्ध वायु की उपलब्धता सुनिश्चित करना ही होगा। ऐसा कोई भी कार्य हमें प्रत्येक दशा में बन्द करना होगा जो वायु एवं जल को प्रदूषित करता हो चाहे उससे कितना भी भौतिक लाभ मिलता हो। पर्यावरण प्रदूषण का मूल कारण है हमारी भौतिक लिप्सा। धरती मानव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सक्षम है। हम यह भी नहीं सोच पा रहे हैं कि असीमित विदोहन जारी रहने से मानव की आने वाली सन्तति का भविष्य क्या होगा? रामराज्य में विदोहन की वृत्ति नहीं थी। रामचरित मानस में हम पाते हैं कि विभिन्न प्राकृतिक अवयवों को मात्र उपभोग की वस्तु नहीं माना गया है बल्कि सभी जीवों तथा वनस्पतियों से प्रेम का सम्बन्ध स्थापित किया गया है। प्रकृति के अवयवों का उपभोग निषिद्व न होकर आवश्यकतानुसार कृतज्ञतापूर्वक उपभोग की संस्कृति प्रतिपादित की गयी है जैसे कि वृक्ष से फल तोड़कर खाना तो उचित है, लेकिन वृक्ष को काटना अपराध है। रामराज्य धरती पर अनायास स्थापित नहीं किया जा सकता है इसके लिए प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। रामचरितमानस में प्रकृति में उपलब्ध औषधीय तत्त्वों का भी प्रतीकात्मक रूप से बहुत ही सुन्दर वर्णन किया हैं। इस संदर्भ में कुछ दृष्टान्त अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं जिनमें सर्वाधित चर्चित दृष्टान्त-युद्ध के समय लक्ष्मणजी के मूर्छित होने पर लंका से वैद्य सुसैन को बुलाया जाना और संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मणजी का उपचार करना है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए सतत मानवीय प्रयास यानी समर्पण और परिश्रम आवश्यक है। जब व्यक्ति और पर्यावरण के मध्य संगम होता है तब प्रकृति का स्वरूप मानव के प्रति सकारात्मक होता है। जहाँ जहाँ श्रीराम ने निवास किया वहीं प्रकृति का सौन्दर्य की अद्भुत छटा विकीर्ण हो गई।

श्रीराम ने सिखाया कि उतार-चढ़ाव तो जीवन का अंग है। दुख किसने नहीं सहा और किसे नहीं होगा, पर यदि संकल्प मजबूत रहे और संकट काल में संयम बनाए रखें तो हम बड़े से बड़े तूफान, झंझावात का सामना कर सकते हैं। श्रीराम ने समता एवं संयम से जीने की सीख दी, पर हमने अनुकूलता-प्रतिकूलता के बीच संतुलन-धैर्य रखना भूल गये। श्रीराम ने अभय और मैत्री का सुरक्षा कवच पहनाया, हम प्रतिशोध और प्रतिस्पर्धा को ही राजमार्ग समझ बैठे। मेरा ईश्वर मैं ही हूं, मेरा राम मैं ही हूं-यह समझ तभी फलवान बन सकती है, जब व्यक्ति स्वयं श्रीराम को जीए और श्रीराम को जीने का तात्पर्य होगा- प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित करना एवं उसका सम्मान करना।

# लोकसभा चुनाव में मर्यादा लांघते नेताओं के बयान

सुरेश हिन्दुस्तानी

देश में लोकसभा चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों में बयानों की आंधी सी चल रही हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने आपको आम जनता का हितैषी सिद्ध करने का प्रचार कर रहे हैं। इन बयानों में कहीं-कहीं राजनीति की मर्यादा का भी उल्लंघन भी होता दिख रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी दल अपने-अपने हिसाब से ढोल पीटकर जनता को अपने पाले में लाने की कवायद कर रहे हैं। राजनीतिक दलों के बयान सुनने में अप्रमाणिक से लगते हैं। अभी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर जो बयान दिया है, वह उनकी राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन यह भी सही है कि इस बार के चुनाव में विपक्ष, सत्ता पक्ष पर किसी प्रकार का ठोस आरोप नहीं लगा पा रहा है। जहां तक चुनावी चंदे के भ्रष्टाचार की बात है तो इस खेल में सभी दल शामिल हैं। कहने का तात्पर्य है राजनीति में जो सुना जाता है, वह होता नहीं है। परदे पर कुछ और दिखाने का प्रयास करते हैं, वास्तविकता कुछ और होती है। कौन नहीं जानता कि विपक्ष के कई नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं। ऐसे में बयान देने से पहले नेताओं को अपने गिरेबां में झांक कर भी देख लेना चाहिए।

वर्तमान में एक और बात महत्वपूर्ण यह भी है कि राजनीतिक दल धरातल पर बाहुबल और धनबल के सहारे चुनाव जीतने का प्रयत्न करते हैं। जबकि यह सब इतनी सावधानी से किया जाता है कि दिखाई नहीं देता, लेकिन आम जनता को यह मालूम है कि वास्तविकता क्या है। सारे चुनाव की छिपी हुई हकीकत यही है कि चुनाव में पैसा पानी की तरह प्रवाहित किया जाता है? जो लोग पैसे की भाषा नहीं समझते, उन्हें समझाने के दूसरे तरीके अपनाए जाते हैं, यानी बाहुबल का सहारा लिया जाता है। हालांकि इस सत्य को राजनेता इतनी सफाई से करते हैं कि कोई भी संस्था इसे सिद्ध नहीं कर सकती?

वर्तमान में एक नई प्रकार की राजनीति का उदय हुआ है, उसके अंतर्गत अपने दल की कार्यप्रणाली का या कहा जाए कारगुजारियों का बखान कम, दूसरे दलों की छीछालेदर करना ज्यादा ही देखने में आ रहा है। इस प्रकार का खेल कांग्रेस सहित विपक्षी दल की ओर से कुछ ज्यादा ही चल रहा है। कारण साफ है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्टाचार के बारे में ज्यादा बोल नहीं सकती। क्योंकि कांग्रेस की सरकार में मंत्रियों और कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से भ्रष्टाचार के कारनामे किए, उससे देश को करोड़ों का नुकसान हुआ। आज देश पर जो आर्थिक बोझ आया है, उसके पीछे के कारणों में यह भ्रष्टाचार एक है।

आज की राजनीति को देखकर सहज ही यह कहा जा सकता है कि राजनीतिक बयान मर्यादा को लांघ रहे हैं। विपक्ष की ओर से आधारहीन तर्क किए जा रहे हैं। कोई लोकतंत्र को बचाने की राजनीतिक बयानबाजी कर रहा है तो कोई संविधान बचाने का प्रहसन कर रहा है। खास बात यह है कि यह सब वे लोग कर रहे हैं जो भ्रष्टाचार समाप्त करने के कहकर भ्रष्टाचार करते रहे हैं। लालू प्रसाद यादव पर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका है, लेकिन उनकी बेटी प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है।

वर्तमान में भारत की राजनीति में प्रतिद्वंद्व छिड़ा हुआ है। राजनीति में जिस प्रकार का वाद प्रतिवाद चल रहा है वह या तो मूर्ख बनने की प्रक्रिया का हिस्सा है या फिर मूर्ख बनाने की। अब आज के हालात में कौन मूर्ख बनता है और कौन बनाता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। जैसे ही समय की सीमा पूरी हो जाएगी, इसके पीछे का अर्थ सामने आता चला जाएगा। आज हमारे देश की राजनीति में नेताओं के कई रूप देखने को मिल जाते हैं, यानी जैसी स्थिति होती है नेता लोग अपने को वैसा ही प्रचारित करने लग जाते हैं। इसको और व्याख्या करके कहा जाए तो तर्कसंगत ही होगा कि हमारे नेता बहुरूपिया बन जाते हैं और भारत देश की भोली भाली जनता उनके इस नकली रूप को देखकर भ्रमित हो जाती है। देश भर में सारे नेता इस होड़ में आगे दिखने का प्रयास कर रहे हैं कि हम ही जनता के असली हितैषी हैं। नेताओं का यह रूप हमारे देश को किस दिशा में ले जाएगा या ले जा रहा है, पता नहीं। पर यह सत्य है कि यह खेल बहुत ही खतरनाक है। देश के भविष्य के साथ एक प्रकार का अनहोना अपराध है?

भारत की राजनीति में आज ऐसे परिवारवादी नेता उदित हो चुके हैं, जिन्हें ठीक से भारत की राजनीति करना नहीं आता, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ही जनता के वोट प्राप्त करने का उपक्रम ही करते हैं। भारत की जनता के समक्ष ऐसे हालात बन गए हैं कि वह सही और गलत की पहचान भी नहीं कर पा रहे हैं। हमारे राजनेता कौन-कौन से खेल खेलते हैं, यह आज सबको दिखाई देने लगा है। आज देश में कई नेता ऐसे हैं जिनका व्यवसाय कुछ नहीं होने पर भी धनवान बन गए हैं, वास्तव में आज की राजनीति सेवा का माध्यम न होकर एक व्यवसाय बन गई है। राजनीति का जिस प्रकार से व्यवसायीकरण हुआ है, उसी के परिणाम स्वरूप हमारा देश रसातल की ओर जा रहा है और उसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। राजनीति में नेताओं द्वारा जिस प्रकार की राजनीति की जाती है, वह केवल भारत के एक वर्ग विशेष को प्रभावित करने के लिए किया जाता है। जो नेता इनके संप्रदाय के बारे में अच्छी बात बोलता है, उस नेता को ये लोग अपना हमदर्द मानने की भूल कर बैठते हैं। बस यही कारण है कि नेता लोग इस समुदाय को वोट बैंक मानकर चाल चलता है, लेकिन आज का यह समुदाय भी असलियत जान चुका है, भावनाएं भड़काने का यह खेल अब समाप्त होना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# जनसाधारण को समर्पित है 'भाजपा का संकल्प पत्र-मोदी की गारंटी'



डॉ. सौरभ मालवीय

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से भारतीय राजनीति में अपनी एक ऐसी पहचान स्थापित की है जिसका कोई अन्य उदाहरण दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने भाजपा को निरंतर दस वर्ष केंद्र की सत्ता में बनाए रखा। भाजपा की प्रायः सभी पुरानी घोषणाओं विशेषकर अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने, नागरिक संशोधन अधिनियम, तीन तलाक, लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई सीटों पर आरक्षण देने आदि को पूर्ण करके यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा की कथनी एवं करनी में कोई अंतर नहीं है। इसीलिए भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र को 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम से जारी किया है। इस संकल्प पत्र की एक विशेष बात यह भी है कि इसमें भाजपा ने जनता से कोई लुभावना वादा नहीं किया है। भाजपा का संपूर्ण ध्यान जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने एवं विकास पर है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं विकास पर विशेष बल दिया गया है। वास्तव में यह संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं निर्धन वर्ग पर केंद्रित है। इस संकल्प पत्र में जनता को मोदी की गारंटी दी गई है। गरीब परिवारों की सेवा- मोदी की गारंटी, मध्यम-वर्ग परिवारों का विश्वास, नारी शक्ति का सशक्तिकरण, युवाओं को अवसर, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता, किसानों का सम्मान, मत्स्य पालक परिवारजनों की समृद्धि, श्रमिकों का सम्मान, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों और विश्वकर्माओं का सशक्तिकरण, सबका साथ सबका विकास, विश्व बंधु भारत, सुरक्षित भारत, समृद्ध भारत, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनेगा भारत, विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग, विरासत भी विकास भी, सुशासन, स्वस्थ भारत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, खेल के विकास, सभी क्षेत्रों के समग्र विकास, तकनीक एवं नवाचार तथा पर्यावरण अनुकूल भारत- मोदी की गारंटी सम्मिलित है। इसमें दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा की वे पुरानी घोषणाओं को पूर्ण किया, जिन्हें पूर्व की सरकारों ने विवादास्पद बना रखा था। वे सरकारें इन विषयों को स्पर्श भी नहीं कर पा रही थीं। उन्हें लगता था कि ऐसा करने से उनका 'वोट बैंक' उनसे छिन जाएगा। शाहबानो प्रकरण में कांग्रेस पीड़ित वृद्ध महिला का साथ देने की बजाय उसके पति के साथ खड़ी हो गई। यद्यपि उसने अपनी वृद्ध पत्नी पर अत्याचार करते हुए उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। कट्टरपंथियों के दबाव में कांग्रेस झुक गई। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने संसद में विधेयक पास करवाकर शाहबानो जैसी महिलाओं के लिए समस्याएं खड़ी कर थीं। किन्तु यह मोदी का दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से छुटकारा दिलाने के लिए कानून बनाया। उन्होंने ऐसे अनेक कड़े निर्णय लिए। वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि नरेन्द्र मोदी जैसा मजबूत प्रधनामंत्री ही देश को आगे लेकर जा सकता है।

अभी देश में 'समान नागरिक संहिता' लागू करने का प्रकरण लंबित है। इस संकल्प पत्र के सुशासन की मोदी की गारंटी के द्वितीय बिंदु में कहा गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परंपराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है कि यदि भाजपा को तृतीय बार केंद्र में सत्ता में आने का अवसर मिल जाता है तो वह अपने इन वादों को भी पूर्ण करेगी।

भाजपा ने कहा है कि हमारा सुशासन का मूल मंत्र है। हमने पिछले दशक में अपनी नीतियों, तकनीकी के उपयोग और सरल प्रक्रियाओं के माध्यम से देश में सुशासन के नए आयाम कायम किए हैं। हम नागरिक और सरकार के बीच संबंध को निरंतर बेहतर बनाने के लिए संस्थागत सुधार करते रहेंगे और तकनीकी के सही उपयोग से सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। इस संकल्प पत्र में मोदी के दस वर्ष के शासनकाल में हुए कार्यो का आंकड़ों के साथ उल्लेख किया गया है। यद्यपि कोई भी सरकार अपनी पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करती है, परंतु भाजपा ने दस वर्षों के कार्यो का उल्लेख किया है। भाजपा अपने चुनाव प्रचार में दस वर्ष की उपलब्धियों के आधार पर ही जनता से समर्थन मांग रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस साल में हमने समय के हर पल को जनकल्याण के लिए समर्पित करने का प्रयास किया है। पिछले एक दशक में देश आमूलचूल बदलावों का साक्षी बना है। एक तरफ देश तेजी से प्रगति के पथ पर बढ़ा है तो वहीं देशवासियों के मन में भी एक सकारात्मक बदलाव हुआ है। बड़े लक्ष्य तय करके उसे हासिल करने की धारणा मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दस साल में हम 'फ्रेजाइल-5' अर्थव्यवस्था से 'टॉप-5 अर्थव्यवस्था' बन चुके हैं। देश के अर्थतंत्र में हुए इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ उन देशवासियों को मिला है, जो वाकई जरूरतमंद हैं। इस बदलाव का सबसे बड़ा लाभ समाज के गरीब, वंचित और मध्यम वर्ग को मिला है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास केवल हमारा नारा ही नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। दशकों से बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से वंचित रहे इन 25 करोड़ लोगों का जीवन स्तर बहुत बेहतर हुआ है। यह गरीबों के खिलाफ हमारी लड़ाई की जीत है। आज ऐसे लोगों तक न सिर्फ आवास, गैस कनेक्शन, शौचालय की सुविधाएं पहुंच रही हैं, बल्कि उससे कहीं आगे नए दौर के ऑप्टिक फाइबर कनेक्शन, डिजिटल समाधान और ड्रोन तकनीक इत्यादि भी इनके अपने हाथों में है।

देश में पिछले 10 साल में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों का लाभ हमारी महिला, किसान, मछुआरा समाज, रेहड़ी-पटरी वेंडर्स, छोटे कारोबारियों तथा एससी, एसटी और ओबीसी को मिला है। तकनीक के माध्यम से ये वर्ग लाभान्वित भी हो रहे हैं और सशक्त भी। जनधन-आधार-मोबाईल ट्रिनिटी के कारण इनका लाभांश सीधे इन्हें बिना किसी बिचौलिए के मिलना संभव हुआ है। उन्होंने युवाओं का उल्लेख करते हुए कहा है कि देश के विकास में हमारी युवाशक्ति की भूमिका बहुत बड़ी है। भारत के युवा ने न सिर्फ बड़े सपने देखने की हिम्मत की है, बल्कि अन्तरिक्ष, खेल और स्टार्ट-अप जैसे विभिन्न क्षेत्रों में बड़े सपने साकार करने के लिए भी उत्कृष्ट कार्य किया है। पिछले दस वर्षो में चाहे शिक्षा हो, रोजगार हो या उद्यमिता हो, हमारे युवाओं के लिए करोड़ों नए अवसर पैदा हुए हैं।

वर्ष 2014 में जब केंद्र में भाजपा की सरकार बनी थी, उसी समय भाजपा ने 2047 को अपना लक्ष्य बना लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2014 में हमें आपका आशीर्वाद और मिला समर्थन मिला तो हम इन बड़े बदलावों को कर पाए। 2019 में पहली बार से बड़ा जनादेश मिला तो विकास की गति और तेजी से आगे बढ़ी। बड़े-बड़े निर्णय लिए गये। आपका आशीर्वाद लेकर अगले पांच साल हम 24 घंटे 2047 के लिए संघर्ष करेंगे, ये मोदी की गारंटी है। वास्तव में भाजपा का यह संकल्प पत्र जन साधारण से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसमें कही गई बातें लोगों को प्रभावित अवश्य करेंगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### स्कार्पियो गाड़ी पलटने पर दो युवकों की हुई मौत एवं आठ घायल , पुलिस ने दोनों शव का कराया पोस्टमार्टम

**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)** कुम्हेर सड़क मार्ग पर बाईपास चौराहे के समीप स्कार्पियो गाडी पलटने पर दो युवक की मौत व आठ लोगों को घायल होने के मामलें में पुलिस ने सोमवार को मृतक नीरज सिंह का नदबई सीएचसी व मृतक देशराज सिंह का जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराया।गौरतलब है कि कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव सजौला निवासी नीरज सिंह पुत्र सरदार सिंह अपने परिजन व रिश्तेदारों के साथ स्कार्पियों गाडी में सवार होकर हलैना थाना क्षेत्र के गांव सरसैना लगन लेकर जा रहा। इसी दौरान बाईपास चौराहे के समीप सडक किनारे रखे गिट्टियों के ढेर से असंतुलित होकर स्कार्पियों गाडी सड़क किनारें पलट गई। जिसके चलते गाडी में सवार दस जनें घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां सीएचसी पर उपचार दौरान नीरज सिंह व जिला चिकित्सालय में उपचार दौरान देशराज सिंह पुत्र गुट्टी सिंह की मौत हो गई। जबकि, स्कार्पियों में सवार हेमन्त सिंह पुत्र दानवीर सिंह, बनय सिंह पुत्र रामगोपाल सिंह, अंकेश सिंह पुत्र छतरपाल सिंह, लोकेन्द्र सिंह पुत्र छीतर सिंह, सागर पुत्र दानवीर सिंह, नितिन कुमार पुत्र सूरजमल सिंह, रोहित सिंह पुत्र मानसिंह, आकाश पुत्र ताराचंद गंभीर रूप से घायल हो गए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली सजाकर एवं महिला मार्च निकालकर मतदाताओं को किया मतदान के लिए प्रेरित



**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )** लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जिला कलेक्टर निधि बी टी एवम जिला नोडल अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता को लेकर एक विशाल रंगोली सजाई गई तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर के मार्च निकाला और मार्च के दौरान आम मतदाताओं को मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया ।इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी दाऊ दयाल शर्मा ,सहायक नोडल अधिकारी कल्याण सिंह मीणा, आरपी एवम स्वीप प्रभारी सुरेश भारद्वाज, सुपरवाइजर रेखा शर्मा, सीता जाट ,मेघा मित्तल ,राजेश शर्मा, टीकम सिंह जाट के साथ-साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहयोगी एवं साथिन उपस्थित रहीं।

### बाल पाठशाला की आई प्रथम झांकी



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के उपलक्ष में जिलेभर से लगभग एक सौ पचपन झांकियां विभिन्न प्रकार कि मनमोहक निकली जिसमें में भरतपुर की विजय नगर कॉलोनी में मिशन फॉर द हेल्प सोसाइटी के अंतर्गत फाउंडर दिगंबर सिंह के द्वारा चलने वाली गत चार वर्षो से निशुल्क बाल पाठशाला के पढ़ते हुए बच्चों की एक नेचुरल झोपड़ी वाली झांकी तैयार की गई जो की सबसे आकर्षित वाली झांकी नजर आई और सभी झांकियां का समापन पटपरा मोहल्ला अंबेडकर भवन पर हुआ निर्णायक कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया और बाल पाठशाला की झांकी को प्रथम स्थान दिया जिसका मुख्य कारण बाबा साहब की विचारधारा जो बाबा साहब शिक्षा के ऊपर जोर दिया करते थे उसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ कमेटी द्वारा संस्थापक दिगंबर सिंह और संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक एवं सभी बच्चों को मंच पर बुलाकर मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

### ब्राह्मण समाज श्रीनगर की आवशयक बैठक सोमवार को चारभुजा मंदिर में आयोजित हुई



**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (सत्यनारायण पारीक)** श्रीनगर बैठक में सर्वसम्मति से अक्षय तृतीया पर परशुराम जयंती धूमधाम से मनाने का प्रस्ताव लिया गया। परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में परशुराम जयंती पर शोभा यात्रा के समापन पर सहभोज का प्रस्ताव रखा गया बैठक में शोभा यात्रा के मार्ग, समापन का स्थल, सहभोज का कार्यक्रम ,ढोल ,बैंड बाजे की व्यवस्था एवं शोभायात्रा के स्वरूप पर चर्चा की गई। सभी प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय आगामी 19 अप्रैल को आयोजित होने वाली बैठक में लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में 10 सदस्यों की कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय भी लिया गया कार्यकारिणी पर आगामी बैठक में चर्चा की जाएगी।। बैठक के दौरान काफी संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे ।

## लोकसभा चुनाव-2024

# मतदाता जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## रैलियों, रंगोली-पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम आयोजित

चमकता राजस्थान

### आमजन को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित






**जयपुर, (खलील कुरैशी) 15 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें एवं चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सके इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देशन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों को आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को जिला स्वीप टीम द्वारा आमजन में मतदान को लेकर जागरुक करने के लिए कहीं रैलियों तो कहीं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है। निजी एवं राजकीय विद्यालयों में रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग
प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।जयपुर के सेंट्रल पार्क में जिला स्वीप टीम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों स्कूली छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण कुमार गुप्ता, जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने भी शिरकत की। इस दौरान श गुप्ता ने नव मतदाताओं से संवाद भी किया। इस दौरान स्टूडेंट्स के लिए चुनाव पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। गुप्ता ने प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर आमजन एवं प्रतिभागियों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।वहीं, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्यामा राठौड़ ने जय श्री पेड़ीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं ब्राइटलैंड उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों से अपने परिवारजन को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु संकल्प पत्र भरवाए गए। इस दौरान स्टूडेंटस को मतदान का महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी प्रिया वर्मा एवं सहप्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने भारतीय निर्वाचन आयोग के विभिन्न मोबाइल एप की जानकारी दी
झोटवाडा विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत सतरंगी सप्ताह, महिला मार्च एवं महिला रंगोली का आयोजन नेशनल हैण्डलूम, वैशाली नगर, जयपुर में मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से जोर-शोर से आयोजन किया गया।सहायक रिटर्निंग अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र विद्याधर नगर मिथलेश मीना द्वारा विद्याधर नगर क्षेत्र में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन करवाया गया जिसके अन्तर्गत सेन्ट्रल एकेडमी विद्यालय, माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, शारदा विद्या मन्दिर विद्यालय और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झोटवाड़ा के विद्यार्थियों को मतदान दिवस को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई तथा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से 18 हजार से अधिक संकल्प पत्र भरवाये गये।
निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु ईएलसी क्लब के माध्यम से मतदान गीत, मतदान शपथ, स्वीप क्वीज एवं मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा आमजन की मतदान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ट्राईटन मॉल में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम ग्रेटर-जयपुर मुरलीपुरा जोन की उपायुक्त रेखा मीना, सीबीईओ झोटवाड़ा शहर अर्जुन लाल बुनकर, स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी संतोष कुमार तथा संबंधित क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाईजर उपस्थित रहें।
वहीं, हवामहल विधानसभा क्षेत्र के विद्यालयों में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी डॉ. सरिता शर्मा ने सोमवार को क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में 2 लाख 63 हजार 136 मतदाताओं को वोटर इंफॉर्मेशन स्लिप एवं 60 हजार वोटर गाइड का वितरण किया जा चुका है।

## अग्रवाल नवयुवक मण्डल के द्वारा शत प्रतिशत मतदान के लिए निकली गई रैली




चमकता राजस्थान

धौलपुर( रामदास तरुण) बाड़ी लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान को लेकर अग्रवाल नवयुवक मंडल की टीम द्वारा स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी दाऊदयाल शर्मा उइएड बाड़ी एवं होतम सिंह चेयरमैन प्रतिनिधि ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया । इसके माध्यम से लोगो को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया तथा सभी मतदाताओं से अनुरोध किया गया की 19 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान अवशय करें!अग्रवाल नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सचिन बंसल एवं महामंत्री मंथन मित्तल एवं उनकी पूरी टीम ने लोगो से अपील की और समझाया की हमारे एक वोट की ताकत से हम एक अच्छी सरकार बना सकती है ।

- **सारे कामों को छोड़कर करना है यह काम ,एक दिवस मतदान का ,बाकी दिन आराम**

मां, बहु व बेटी मतदान करेगी साथ साथ वोट हमारा है अधिकार इसको नही करें बेकार! एक वोट सेना के सम्मान में समर्थ भारत के लिए ,बढ़ते भारत की तरक्की का हिस्सा बनने के लिए ,ईमानदार नेतृत्व के लिए ,स्वच्छ भारत के लिए दूसरों की बढ़ती ताकत के लिए, सशक्त वैभवशाली भारत बनाने के लिए! और अपने परिवार के साथ वोट डालने जरूर जाए ।

» रैली में उपस्थित– व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मंगल हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक अंजनी पराशर,सचिन दीक्षित स्वीप अधिकारी राजेश मुद्गल हरिओम सिकरवार,शिवशंकर गर्ग अग्रवाल नवयुवक मंडल अध्यक्ष–सचिन बंसल महामन्त्री–मंथन मित्तल

» उपाध्यक्ष –गौरव गोयल मन्त्री–अतुल मंगल संगठन मंत्री –अंकित गर्ग सूचना मंत्री –कपिल गर्ग

निरीक्षक- सचिन मंगल कार्यकारिणी सदस्य - विवेक गर्ग, गौरव गर्ग, हर्षित मंगल, भुवनेश बंसल, अमन गर्ग,तनुज बंसल ,शिवम मित्तल, मयंक गोयल, विपुल अग्रवाल एवम नवयुवक मंडल की टीम उपस्थित रही।

### अजमेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र ने श्रीनगर क्षेत्र का किया धुआंधार दौरा, एवं जनसम्पर्क कर मांगे वोट





**चमकता राजथान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी ने फारक्या पहुंचकर लोगों से भारी मतों से विजय करवाने की अपील करी इस दौरान,समाज सेवी कांग्रेस नेता महावीर पडियार ने माला व साफा बंधवाकर सम्मान किया इस मौके पर,पुर्व विधायक रामनारायण गुर्जर ,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव महेन्द्र सिंह गुर्जर ,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ऊकार गुर्जर ,रामधन यादव ,सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें इससे साथ ही,कानाखेडी में ग्रामीणों ने किया अभिनन्दन तथा पूर्व सरपंच अमर सिंह रावत कांग्रेस युवा मोर्चा के रमेश सिंह रावत ,मुखेश सिंह रावत ,डेरी सचालक हिरा सिंह रावत , भंवर सिंह रावत भारी मतों से विजय बनाने का आश्वासन दिया लवेरा, मोड़ी, ढाल गआदएरई आशापुरा देराठु, न्यारा झडवासा ,भटियाणी सहित की गांवों में जाकर ग्रामीणों से रूबरू हुए रामचन्द्र चौधरी ,निरज चौधरी भी उपस्थित रहे चौधरी का पलड़ा भारी दिखता नजर आया ,चौधरी ने डेरी में रहकर ऊंचे मुकाम हासिल की।

## आगरा मंडल द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 133 वाँ जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

चमकता राजस्थान




**आगरा !(एजेंसी)** दिनांकः 15.04.24 को गोवर्धन सभागार में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का 133वाँ जन्म दिवस का आयोजन अपर मंडल रेल प्रबन्धक प्रणव कुमार की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम में रेलवे अधिकारीगण, यूनियन व एसोशिएसन के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अपर मंडल रेल प्रबन्धक / इंफ्रा प्रणव कुमार द्वारा बाबा साहब की फोटो पर दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण से की गई, इस दौरान उपस्थित सभी रेलवे अधिकारियो, यूनियन व एसोशिएसन के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, प्रणव कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब के आदर्शों को अपनाते हुये जीवन में उनके सिद्धांतों को ढालना होगा, बाबा साहेब द्वारा बताये गये सिद्धान्तो, सामाजिक समरूपता, समानता तथा भाईचारे से रहने पर बल दिया, यही उनके प्रति हमारा सच्चा सम्मान होगा। उनके जन्म दिवस पर सभी कोशुभकामनायें दी, इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों व यूनियन के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा बृहद स्तर पर बाबा साहब जन्म दिवस आयोजन किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कई वक्तायों द्वारा बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला उनके द्वारा समाज व महिलायों के उत्थान हेतु सदभावना पूर्वक किये गये कार्यों को वर्णन किया तथा सभी नागरिकों से बाबा साहेब द्वारा बतलाये गये रास्ते पर चलने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर प्रणव कुमार अपर मण्डल रेल प्रबंधक/ इंफ्रा के साथ मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों के साथ-साथ मान्यता प्राप्त यूनियनो एनसीआरईएस, एनसीआरएमयू एवं एससी/एससटी ऐसोसिएशन के पदाधिकारी व ओबीसी एसोशिएसन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बूंदी : देई सीएचसी में ऑक्सीजन नहीं मिलने से 5 महीने के बच्चे की मौत

**चमकता राजस्थान। देई (बूंदी)।** सीएचसी में ऑक्सीजन नहीं मिलने से 5 महीने के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को ऑक्सीजन लगाया गया था इसी दौरान बिजली चली गई। डीजल नहीं होने से जनरेटर नहीं चल पाया। नाराज लोगों ने अस्पताल में नारेबाजी की। सीएमएचओ डॉ. ओपी तंवर ने मामले के जांच के लिए कमेटी बनाने का आदेश दिया है। बच्चे के पिता दिनेश ने बताया कि रविवार देर शाम 5 महीने के बेटे बंटी को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उसने सीएचसी में डॉक्टर को दिखाया।

डॉक्टर ने भर्ती कर लिया ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखकर इलाज शुरू किया। इसी दौरान बिजली गुल हो गई और ऑक्सीजन सप्लाई बंद हो गई। थोड़ी देर में मासूम की मौत हो गई। सीएचसी के प्रभारी डॉ. योगेश पंवार ने बताया कि बच्चा गंभीर हालत में अस्पताल में आया था। रेफर के दौरान मौत हुई।

### पूर्व न्यायाधीशों ने सीजेआई को लिखा पत्र, न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशों पर जताई चिंता



**नयी दिल्ली।** शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। पत्र में न्यायपालिका को कमजोर करने के प्रयासों पर चिंता जताई गई है। चिट्ठी लिखने वालों में हाईकोर्ट के 17 पूर्व जज और सुप्रीम कोर्ट के चार पूर्व न्यायाधीश शामिल हैं। इसमें कुछ गुटों की ओर से सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के बढ़ते प्रयासों का जिक्र किया गया है। पत्र में कहा गया कि ऐसा करने वाले संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायपालिका को कमजोर और न्यायिक प्रणाली पर जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, जिसके कारण उन्होंने सीजेआई को पत्र लिखा है। हालांकि, यह पत्र ऐसे वक्त लिखा गया है, जब भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच जुबानी जंग जारी है। सेवानिवृत्त न्यायमूर्तियों दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत पूर्व जजों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाने का आरोप लगाया है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ गलत तरीके अपनाने का भी आरोप लगाया है।

## प्रियंका गांधी के रोड शो में उमड़ा जैनसलाब

**अलवर।**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने आज दोपहर अलवर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान अपार जनसैलाब देखने को मिला। प्रियंका गांधी का रोड शो कंपनी बाग के पास शहीद स्मारक से शुरू होकर भगत सिंह चौराहे पर जाकर खत्म हुआ। इस दौरान प्रियंका गांधी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई नेता रथ में सवार रहे। बता दें कि इससे पहले वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में तत्कालीन कांग्रेस प्रत्याशी जितेंद्र सिंह के समर्थन में राहुल गांधी ने रोड शो किया था।

प्रियंका गांधी ने 3 किमी के रोड शो के दौरान करीब 50 मिनट में अलवर की राजनीति नाप ली। रोड शो में समर्थकों का उत्साह चरम पर था। प्रियंका गांधी ने भी किसी को निराश नहीं किया। प्रियंका ने मौन रहकर वोट मांगा और मुस्कुराहट से सबका दिल जीत लिया। अलवर शहर के कंपनी बाग के सामने शहीद स्मारक से शुरू हुआ रोड शो मन्नी का बड़, चर्च रोड, होपसर्कस, कलाकंद मार्केट, घंटाघर, काशीराम चौराहा होते भगत सिंह चौराहे पर जाकर खत्म हुआ।



## जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी प्रभावी कार्रवाई

# राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) भरतपुर ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बीआर अम्बेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाई

चमकता राजस्थान




**भरतपुर (राजवीर सिंह)** ऊदल सिंह कैरों जिलाध्यक्ष ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) जिला शाखा भरतपुर द्वारा भारत रत्न, भारतीय संविधान निर्माता मानवता के धनी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 133 वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय लोकतंत्र को माजबूती प्रदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिला कलेक्ट्रेट भरतपुर स्थित संविधान पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर जिला कलैक्टर भरतपुर द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मतदाता जागरूकता प्रभात फेरी को जिला कलैक्टर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा डॉ अरविन्द वर्मा प्रोफेसर साहब,ओमप्रकाश कैरों एवं राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के ब्लॉक /जिला/प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रभात फेरी की अगुवाई की सेंकडों की संख्या में उपस्थित शिक्षक साथियों ने बाबा साहब की जय जय कार करते हुए सर्कुलर रोड होते हुए बड़ी शालीनता के साथ प्रभात फेरी को निकाला प्रभात फेरी का सभी चौराहों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा काली की बगीची पर डॉ अम्बेडकर रॉयल क्लब ग्रुप द्वारा स्वल्पाहार,चौधरी मैरिज होम पर सेवर ब्लॉक द्वारा फल वितरण चाँद पोल गेट पर ठण्डा पानी एवं ट्रेफिक चौराहा पर संघ की महिला शिक्षक टीम द्वारा स्वल्पाहार वितरित किया गया। शाम के समय बिजली घर चौराहे पर संघ के बैनर तले मिठाई वितरण एवं ठण्डे पानी की प्याऊ लगाई गई। जिसका शुभारंभ पूरन सिंह सागर, ए.डी.जे.ने बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर की ब्लॉक कार्यकारिणी द्वारा हॉस्पिटलो में फल वितरण किये गये, जिला मुख्यालय पर जिला कार्यकारणी के बैनर तले करीब 300 किलोग्राम मिठाई वितरण की गई तथा बड़े ही हर्षोल्लास से ब्लॉक एवं जिला स्तर पर बाबा साहब की जयंती को बनाया गया। इस मौके पर शिक्षक संघ के ब्लॉक स्तरीय जिला स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बोले- चौंकाने वाले परिणाम आएंगे, कहा-असली मुद्दों से भाग रही हैं भाजपा

चमकता राजस्थान



**जयपुर/अलवर! (खलील कुरैशी)** पूर्व सीएम अशोक गहलोत सोमवार को प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के रोड शो में पहुंचे। रोड शो से पहले गहलोत ने अलवर के मीडिया से बातचीत में कहा कि बीजेपी महंगाई व बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर कुछ बोलती नहीं है। इलेक्टोरल बांड, ईडी व सीबीआई बड़े मुद्दे हैं। जनता सब समझ रही है। इस बार देश व प्रदेश में चौंकाने वाले परिणाम सामने आएंगे। गहलोत ने कहा कि महंगाई व बेरोजगारी पर बीजेपी बोलती नहीं है। देश के मुद्दों पर नहीं करते हैं। बीजेपी का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। आनन-फानन में घोषणा पत्र बनाया है। इनको कांग्रेस से पहले घोषणा पत्र लेकर आना चाहिए था। देश में ईडी, सीबीआई व इलेक्टोरल बांड मुख्य मुद्दा बन गया है। अब यूनएन व अमेरिका व जर्मनी आलोचना करने में लगे हैं। आगे चुनाव होंगे या नहीं होंगे। यह भी डर है। अब पब्लिक यह समझने लगी है। मोदी की गारंटी तो कांग्रेस से चुराई है। पहले गा-रंटी शब्द कांग्रेस लेकर आई। उसे अब ये मोदी की गारंटी बताने लग गए। मीडिया सहित अधिकतर ईडी व जांच एजेंसियों के दबाव में हैं। दबाव में काम कराए जाते हैं। फिर भी इस बार जनता राजस्थान में चौंकाने वाले परिणाम देगी। इस बार हम अलवर की लोकसभा सीट पर भी चुनाव जीत रहे हैं। बाकी सीटों पर भी कड़ा मुकाबला है। गहलोत ने होटल में माली समाज सहित कांग्रेस पार्टी के लोगों से कहा कि देश में क्या हो रहा है। देख रहो हो ना। इसे ध्यान में रखना है। आगे चुनाव होंगे भी या नहीं। अब यही डर सबको है। ईडी व सीबीआई से डरा रहे हैं। हम सबको समझदारी से काम लेना है। यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है।

## सांसद प्रत्याशी चौधरी ने कलेक्टर सहित विधुत विभाग व जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों से की

- **ग्रामीण क्षेत्रो में टेंकरो से हो पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति व्यवस्था**
- **किसानों को सुबह शाम मिले निर्बाध विधुत आपूर्तिः भागीरथ चौधरी**

**चमकता राजस्थान। अज़मेर (रघुनंदन पारीक)** अजमेर लोकसभा के मौजूदा सांसद एवं प्रत्याशी भागीरथ चौधरी का विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रो में जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान आमजन ने पेयजल की आपूर्ति समय पर नही होने की समस्या बताई, साथ ही कुछ ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने भी सुबह शाम बिजली देने की मांग रखी।



ज्ञात रहे कि सांसद प्रत्याशी भागीरथ चौधरी का विधानसभा क्षेत्रों के सेकड़ो गांवो में जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, उक्त जनसंपर्क कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रो में आमजन ने बताया कि वर्तमान में गर्मी के चलते पीने के पानी की अत्यधिक आवश्यकता है।जिसपर सांसद चौधरी ने कलेक्टर सहित जलदाय विभाग के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर ग्रामीण क्षेत्रो में आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर से आपूर्ति करवाये जाने हेतु दिशा निर्देश दिए।साथ ही ग्रामीण किसानों को गर्मी के चलते खेतो में फसलों को पानी पिलाने हेतु परेशानी हो रही है, जिसपर सांसद चौधरी ने कलेक्टर सहित विधुत विभाग के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर कुछ क्षेत्रों में गर्मी को देखते हुए फसलो को पानी पिलाने के लिए बिजली की आपूर्ति सुबह और शाम दोनो समय देने हेतु दिशा निर्देश दिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

## जयपुर में भगवा झंडे हटाने पर भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य हुए नाराज, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### बोले : कांग्रेस की शिकायत के बाद निगम ने रातों-रात ध्वज उतार दिए

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर में लगे भगवा झंडे हटाने के मामले में सोमवार को विधायक बालमुकुंद आचार्य कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन देकर इसका विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से रामनवमी से पहले शहर में वापस भगवा झंडे और पताका लगाने की मांग की।दरअसल, जयपुर शहर से लोकसभा उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास के चुनाव एजेंट की शिकायत पर प्रशासन ने शहर से भगवा झंडों और पताका को हटा दिया था। इस पर विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कलेक्टर से मिलकर जयपुर शहर से रातों-रात भगवा ध्वज उतारने को लेकर नाराजगी जताई। विधायक ने इस संबंध में अखिल भारतीय संत समिति की ओर से एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।विधायक ने आरोप लगाया कांग्रेस की शिकायत के बाद निगम ने रातों-रात भगवा ध्वज उतार दिए। उन्होंने कहा- हर साल रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाला जाता है। इस जुलूस को देखते हुए शहर में घरों और दुकानों पर भगवा ध्वज लगाए गए थे। हमें पता चला कि कलेक्टर के कहने पर यह भगवा ध्वज हटाए गए। वहीं, इस मामले पर जब कलेक्टर से विधायक ने बात की तो कलेक्टर ने इस बात से इनकार किया कि प्रशासन के कहने से भगवा ध्वज हटाए गए।

## स्टेट आर्म रेसलिंग में जयपुर ने जीते 20 स्वर्ण पदक




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** स्ट्रेट आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में 400 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें जयपुर जिले के खिलाड़ियों ने बाजी मारते हुए 20 गोल्ड मेडल जीते। इसके बाद गंगानगर के खिलाड़ियों ने 16 गोल्ड मेडल जीते । ओलम्पियन गोपाल सैनी ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । इसमें पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के लिए 5 प्रमुख श्रेणी और वजन के अनुसार उप श्रेणियां बनाई गई थीं। आरएडब्ल्यूए के महासचिव जय सूद ने बताया कि स्टेट के विजेता और उपविजेता खिलाडी 6 से 10 जून को महाराष्ट्र के नागपुर में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# जेडीए ने करी अवैध निर्माण पर पुख्ता सीलिंग की कार्रवाई

### सुमेर नगर एक्सटेंशन क्यू ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-60, 61, 73, 74, आवासीय भूखण्ड में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ को किया सील

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** जोन- पी.आर.एन. (साउथ) सुमेर नगर एक्सटेंशन क्यू ब्लाॅक के भूखण्ड संख्या-60, 61, 73, 74, आवासीय भूखण्ड मेंव्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट+03 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही। प्रवर्तन प्रकोष्ठ द्वारा आज दिनांकः 15.04.2024 को जोन-पी.आर.एन. (साउथ) के क्षेत्राधिकार मेंअवस्थित सुमेर नगर एक्सटेंशन क्यू ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-60, 61, 73, 74, बिना भू-रूपान्तरण कराये जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के आवासीय भूखण्ड में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ बेसमेन्ट+03 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34 (क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 15.04.2024 को उक्त 04 मंजिला अवैध बिल्डिग के प्रवेश द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी।उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन. (साउथ), 01, तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

- **जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बने बेसमेन्ट+03 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही।**

# चैत्र नवरात्रि

## जानें कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त से लेकर मां की सवारी तक सबकुछ

9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है. हिंदू धर्म में इन 9 दिनों का विशेष महत्व होता है. नवरात्रि के ये 9 दिन मां दुर्गा को समर्पित होते हैं, जिसमें भक्तगण व्रत रखते हुए मां की पूर्जा अर्चना करते हैं और कलश स्थापना करते हैं. नवरात्र के पहले दिन आज मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है. खास बात ये है कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं. इस समय में घटस्थापना आपके लिए बहुत ही लाभदायक और उन्नतिकारक सिद्ध हो सकता है. चैत्र नवरात्रि प्रतिपदा तिथि से ही नया हिंदू वर्ष भी प्रारंभ हो जाता है. 9 दिनों तक चलने वाला ये पर्व 17 अप्रैल को समाप्त होगा.



### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

» 9 अप्रैल को दोपहर 02:17 बजे तक वैधृति योग होने के कारण घट स्थापना अभिजीत मुहूर्त में दोपहर 12:04 से 12:54 तक होगी. यानी मुहूर्त की अवधि मात्र 50 मिनट की होगी.

### कलश स्थापना की सामग्री

» मां दुर्गा को लाल रंग खास पसंद है, इसलिए लाल रंग का ही आसन खरीदें. इसके अलावा कलश स्थापना के लिए मिट्टी का पात्र, जौ, मिट्टी, जल से भरा हुआ कलश, मौली, इलायची, लौंग, कपूर, रोली, साबुत सुपारी, साबुत चावल, सिक्के, अशोक या आम के पांच पत्ते, नारियल, चुनरी, सिंदूर, फल–फूल, फूलों की माला और श्रृंगार पिटारी भी चाहिए.

### घोड़े पर सवार होंगी मां

» चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होती है. इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को देर रात 11:50 मिनट से शुरू हुई है. ये तिथि 9 अप्रैल को संध्याकाल 08:30 मिनट पर समाप्त होगी. हिंदू धर्म में उदया तिथि मान है, इसलिए 09 अप्रैल को घटस्थापना है. इस साल चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी. घोड़े को मां दुर्गा का शुभ वाहन नहीं माना जाता है. ये युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं का संकेत देता है. सत्ता में परिवर्तन होता है.

### चैत्र नवरात्रि शुभ योग

» चैत्र नवरात्रि के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है. इस दिन अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण सुबह 07:32 से हो रहा है. ये दोनों योग संध्याकाल 05:06 मिनट तक है.

### कलश स्थापना विधि

» नवरात्रि के पहले दिन सुबह स्नान करने के बाद मंदिर की साफ–सफाई करें. इसके बाद सबसे पहले गणेश जी का नाम लें और फिर मां दुर्गा के नाम से अखंड ज्योत जलाएं. कलश स्थापना के लिए मिट्टी के पात्र में मिट्टी डालकर उसमें जौ के बीज बोएं. अब एक तांबे के लोटे पर रोली से स्वास्तिक बनाएं. लोटे के ऊपरी हिस्से में मौली बांधें. अब इस लोटे में पानी भरकर उसमें कुछ बूंदें गंगाजल की मिलाएं. फिर उसमें सवा रुपया, दूब, सुपारी, इत्र और अक्षत डालें. इसके बाद कलश में अशोक या आम के पांच पत्ते लगाएं. अब एक नारियल को लाल कपड़े से लपेटकर उसे मौली से बांध दें. फिर नारियल को कलश के ऊपर रख दें. अब इस कलश को मिट्टी के उस पात्र के ठीक बीचों बीच रख दें जिसमें आपने जौ बोएं हैं. कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि के नौ व्रतों को रखने का संकल्प लिया जाता है. आप चाहें तो कलश स्थापना के साथ ही माता के नाम की अखंड ज्योति भी जला सकते हैं.

### चैत्र नवरात्रि तिथियां

» 9 अप्रैल – नवरात्रि प्रतिपदा– मां शैलपुत्री पूजा और घटस्थापना

» 10 अप्रैल – नवरात्रि द्वितीया– मां ब्रह्मचारिणी पूजा

» 11 अप्रैल – नवरात्रि तृतीया– मां चंद्रघंटा पूजा

» 12 अप्रैल – नवरात्रि चतुर्थी– मां कुष्मांडा पूजा

» 13 अप्रैल – नवरात्रि पंचमी– मां स्कंदमाता पूजा

» 14 अप्रैल – नवरात्रि षष्ठी– मां कात्यायनी पूजा

» 15 अप्रैल – नवरात्रि सप्तमी– मां कालरात्रि पूजा

» 16 अप्रैल – नवरात्रि अष्टमी– मां महागौरी

» 17 अप्रैल – नवरात्रि नवमी– मां सिद्धिदात्री , रामनवमी





## एक नजर

### नेपाल के सहकारी घोटाला में गृहमंत्री के व्यापारिक पार्टनर सहित 27 के खिलाफ मुकदमा

**काठमांडू।** नेपाल के चर्चित सहकारी घोटाला में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच की मांग के बीच उनके व्यापारिक साझेदार सहित 27 लोगों के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। गृहमंत्री की संदिग्ध भूमिका की वजह से सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो ने इस घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने के व्यापारिक पार्टनर जीबी राई को मुख्य अभियुक्त बनाते हुए जिला अदालत रूपन्देही में मुकदमा दर्ज कराया है। रूपन्देही के एसपी रंजीत सिंह राठौड़ ने बताया कि जीबी राई के अलावा उनके सहकारी बैंक में काम करने वाले कर्मचारी और संचालक समिति के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस घोटाला में पूर्व उपराष्ट्रपति एवं माओवादी नेता नन्दकिशोर पुन के बेटे दीपेश पुन को भी अभियुक्त बनाया गया है। एसपी राठौड़ के मुताबिक सहकारी के संस्थापक जीबी राई के अलावा वर्तमान अध्यक्ष ओमप्रकाश गुरूंग को भी अभियुक्त बनाया गया है।

### अपनों के खोने के गम में डूबे लोग



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के उपनगर बौंडी जंक्शन के लोग अपनों के खोने के गम में अब भी डूबे हैं। एक सिरफिरे चाकूबाज के हमले में छह लोगों की मौत से लोग उबर नहीं पा रहे। सामूहिक हत्याकांड के एक दिन बार रविवार को लोग बौंडी जंक्शन में बड़ी संख्या में एकत्र हुए और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए बनवाए गए स्मारक में फूल चढ़ाए। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस घातक हमले से ऑस्ट्रेलिया सहम गया है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस अभी तक सिडनी में हत्यारे का मकसद निर्धारित नहीं कर पाई है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा है कि हमलावर को मार गिराया गया है। पुलिस ने कहा है कि वह मानसिक रूप से बीमार था। दिल दहला देने वाली यह वारदात प्रसिद्ध बॉन्डी बीच के पास एक महंगे उपनगरीय मॉल में हुई।

### मुजफ्फरनगर हादसे में 19 मजदूरों को निकाला गया, दो की मौत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर हादसे में चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार सुबह खत्म हो गया। 15 घंटे से ज्यादा समय तक चले इस ऑपरेशन में 19 मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला गया। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूरों को बचा लिया गया है। मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक डीके ठाकुर ने बताया कि मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ-एसडीआरएफ समेत कई टीमें लगी थीं। रविवार की शाम शुरू हुए इस अभियान की समाप्ति सोमवार की सुबह उस वक्त हुई जब सभी मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद इस बात की पुष्टि हो गई कि मलबे में कोई मजदूर नहीं दबा है और बचाव अभियान समाप्त कर दिया गया।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्रों और अंतर जिला नाकों का निरीक्षण

सागर। एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रुपेश उपाध्याय ने रविवार को राहतगढ़ तहसील में भ्रमण के दौरान वहां के मतदान केंद्रों एवं अंतर जिला नाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने सागर और रायसेन जिले की सीमा पर लालबाघ नाके का भी निरीक्षण किया, जहां एसएसटी टीम के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अनुपस्थित मिले जिनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।उन्होंने नाकों पर सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। उन्होंने राहतगढ़ में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां सीएमओ राहतगढ़ को लोकसभा निर्वाचन के संबंध मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र का विवरण शीघ्र अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधाओं के समस्त प्रबंध किए जाएं साथ ही ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी , छाया की भी समुचित व्यवस्था की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीम अशोक सेन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### कार से दस लाख रुपये बरामद

**गाजियाबाद।** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में साहिबाबाद थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार से दस लाख रुपये बरामद किये हैं। इन रुपये का ब्यौरा नहीं मिलने पर जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पटेल ने पत्रकारों को बताया कि रविवार की देर रात में थाना साहिबाबाद पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध चार पहिया वाहन को रोक कर तलाशी ली गई। इस दौरान कार से बिहार निवासी विश्वास जायसवाल और उसके साथी को दबोचा गया है। तलाशी के दौरान कार से दस लाख रुपये नकद बरामद हुआ है। दोनों व्यक्तियों से पूछने पर बरामद रुपयो के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी : धामी

- संकल्प पत्र में सभी को आगे बढ़ाने की बात समाहित है
- उत्तराखण्ड को बेहतर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है



**देहरादून। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मसूरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। साल 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा टिहरी लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में गांधी चौक मसूरी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपकी सादगी से हम सभी कार्यकताओं को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में सभी को आगे बढ़ाने की बात समाहित है। उत्तराखण्ड को बेहतर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने प्रदेश की जनता से 2022 के चुनाव में यूसीसी का वादा किया था।

जिसे हमने पूरा किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में भी इसे जगह दी गई है। उत्तराखण्ड से निकली समान अधिकारों की गंगा पूरे देश को सिंचित करेगी। कांग्रेस के लोग अतिक्रमण पर राजनीति करते हैं। मैं शहीदों की इस भूमि से कहना चाहता हूं कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था। आज मोदी जी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। इस बार हमें कांग्रेस को रिकॉर्ड मतों से हराकर जीत की हैट्रिक लगानी है। आप सभी 19 अप्रैल को मतदान कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान दें।

### उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मसूरी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। साल 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा टिहरी लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में गांधी चौक मसूरी में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनसभा में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आपकी सादगी से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में सभी को आगे बढ़ाने की बात समाहित है। उत्तराखण्ड को बेहतर और सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना हमारी प्राथमिकता है।

### देवभूमि पर पंच कमल खिलाने के लिए दिया जीत का मंत्र, भाजपा के पक्ष में मांगा समर्थन

## मोदी ने बदल दी परिभाषा : जगत प्रकाश नड्डा

**देहरादून। एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्टार प्रचारक जगत प्रकाश नड्डा ने आजादी से लेकर अमृत काल तक की राजनीति का रवैया बताया। उन्होंने कहा कि पहले लोग ये तय नहीं कर पाए कि अर्थ जरूरी है, अर्थशास्त्र जरूरी है या मानवता जरूरी है। जापान, आस्ट्रेलिया, रूस कोई देश के नेता ये तय नहीं कर पाए कि मानवता जरूरी है या राजनीति। वे सोमवार को टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी के गांधी चौक पर आयोजित विजय संकल्प जनसभा में बोल रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले राजनीति का रवैया उदासीन भरा था, लेकिन मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल, तौर-तरीका और राजनीतिक दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल दी है। आज मोदी सरकार विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है लोस चुनाव-मसूरी के गांधी चौक पर विजय संकल्प जनसभा में भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन में लोगों से जनसमर्थन मांगा और देवभूमि पर पंच कमल खिलाने के लिए जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव की बेला है और यह चुनाव मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है।

**कोरोना के समय लोगों ने देखा नेतृत्व का असर-**

नड्डा ने कहा कि पहले कोई दवा आने में वर्षों नहीं शताब्दी लगते थे, लेकिन नेतृत्व का क्या असर होता है ये लोगों ने कोरोना के समय देख लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना काल के दौरान केवल नौ माह के भीतर भारत को लड़ने के लिए तैयार किया और वैज्ञानिकों के सहयोग से वैक्सीन तैयार करवाई।

**ये है बदलता भारत-**

कोरोना काल का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि तमाम देश जूझते रहे, लेकिन मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सख्त फैसला लिया और सख्ती से लॉकडाउन लगाया। दो महीने के अंदर देश को कोरोना से लड़ने के लिए तैयार किया। उस समय लोग कहते थे, जान है तो जहान है। जब हम तैयार हो गए लड़ने के लिए तो मोदी ने कहा कि जान भी है और जहान भी है। ये बदलता भारत है।

## सतर्क और सजग रहें, बहकावे में नहीं आवें : गोविंदराम मेघवाल

**बीकानेर। एजेंसी**



लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार गोविन्दराम मेघवाल के पक्ष में रामपुरा बस्ती, व्यापारियान मोहल्ला, सीताराम भवन सहित अनेक स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए पूर्व मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने कांग्रेस का गारंटी शब्द चुरा लिया और कांग्रेस की तर्ज पर गारंटी देने लगे। कांग्रेस यदि गारंटी देती हैं तो उसे पूरा भी करती है। चाहे आप ओपीएस देख लो या हर परिवार की महिला मुखिया को 1 लाख रुपए देने की गारंटी। कांग्रेस शासित राज्यों में यह पूरी भी की जा रही हैं। प्रत्याशी गोविन्दराम मेघवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा जनता को धर्म के नाम पर, झूठे वादे करके, ध्यान बंटाने वाली बातें बोलकर बरगलाया जाएगा। हमको सतर्क व सजग रहना है। भाजपा के बहकावे में नहीं आना है और इस बार परिवर्तन की इस लहर में कांग्रेस को चुनकर देश में लोकतंत्र को मजबूत करना है। मेघवाल ने कहा कि पिछले 15 सालों में भाजपा प्रत्याशी ने क्या किया। वे अपने कार्यकाल का हिसाब किताब तक नहीं दे पा रहे। उन्होंने आमजन से अपील की कि 19 अप्रैल को सोच समझकर और जागरूक होकर जनता के कल्याण में काम करने वाली कांग्रेस को वोट करना है।

## विकसित भारत के लिए साबित होगा भाजपा का संकल्प पत्र: दयाशंकर



**मीरजापुर। एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव 2024 के मेनिफेस्टो व भाजपा का संकल्प 'मोदी की गारंटी' के संदर्भ में सोमवार को जिला कार्यालय बरौधा कचार में जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री व मीरजापुर क्लस्टर प्रभारी दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र महिला, गरीब, युवा, महिला एवं किसान को समर्पित करते हुए 2047 तक विकसित भारत की नींव रखने वाला साबित होगा।

मुख्य वक्ता ने बताया कि रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा का संकल्प, मोदी की गारंटी का लोकार्पण किया। संकल्प पत्र के रूप में जारी घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों पर मोदी की गारंटी की मुहर लगी है। भाजपा ने अबकी बार 400 पार के मिशन को पूरा करने के लिए मोदी सरकार की पिछले 10 वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा जताया है और इसके विस्तार का वादा किया है। जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के विपक्ष के आरोप को खारिज करते हुए भाजपा ने साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

## इजराइल पर ईरान के हमले की जी-7 देशों ने की निंदा, संयम रखने का किया आह्वान

**लंदन। एजेंसी**




जी7 देशों के नेताओं ने रविवार को इजराइल पर ईरान के भीषण हमले की निंदा की और ₹संयम₹ रखने का आह्वान किया। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने ऑनलाइन बैठक के बाद एक्स पर लिखा, हमने सर्वसम्मति से इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले की निंदा की। हम तनाव कम करने की दिशा में काम करने के अपने सभी प्रयास जारी रखेंगे। गाजा में संकट को यथाशीघ्र समाप्त करने से, विशेष रूप से तत्काल युद्धविराम के माध्यम से, फर्क पड़ेगा। नेताओं ने इजराइल के लिए अपना पूर्ण समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि वे आगे अस्थिर करने वाली पहल के जवाब में आगे कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

बैठक के बाद इतालवी जी 7 प्रेसीडेंसी द्वारा प्रकाशित एक वीडियों वाले बयान में कहा, हम हालात को स्थिर करने और आगे की स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए काम करना जारी रखेंगे। इस भावना में, हम मांग करते हैं कि ईरान और उसके प्रतिनिधि अपने हमले बंद कर दें, और हम आगे और अस्थिर करने वाली पहलों के जवाब में अब और कदम उठाने के लिए तैयार हैं।

इस बीच, ईरान ने कट्टर दुश्मन इजराइल के खिलाफ रातोंरात मिसाइलों और हमले वाले ड्रोनों की एक अभूतपूर्व लहर शुरू करने के बाद विश्व नेताओं ने संयम बरतने का आग्रह किया। ऐसे समय में जब गाजा युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। इजराइली सेना ने कहा कि इजराइल और उसके सहयोगियों ने आने वाले अधिकांश प्रोजेक्टाइल को रोक दिया, जिसमें 12 लोगों के घायल होने और किसी की मौत नहीं होने की सूचना है, लेकिन हमले ने इजरायली जवाबी हमले की आशंकाओं को तेजी से बढ़ा दिया। इजराइल के शीर्ष सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका ने भी सावधानी और शांति का आग्रह किया। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया, ₹हम इसे आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। हम ईरान के साथ व्यापक युद्ध की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

### स्कूल बसों की व्यापक जांच, नशे में मिला कॉलेज वेन का ड्राइवर

फतेहाबाद। जिला में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने एक बड़ा अभियान चलाकर स्कूल बसों की व्यापक जांच की। जांच के दौरान नियम कायदे पूरे न करने पर पांच बसों को इम्पाउंड किया गया तथा तीन वेन के चालान काटे गए। इनमें एक कॉलेज वैन का चालक शराब के नशे में पाया गया। स्कूल संचालकों में वाहनों की जांच का इतना खौफ था कि टोहाना में निजी स्कूलों की तीन दिन की छुट्टियां घोषित कर दी गई। अनेक स्कूलों ने उन बसों को सड़क पर ही नहीं उतारा जिनके दस्तावेज पूरे नहीं थे। इन बसों में आने वाले बच्चों के अभिभावकों को स्कूल की तरफ से तड़के फोन किया गया कि वह खुद बच्चों को छोड़कर जाए और छुट्टी में स्कूल से लेकर जाए।आज चलाए गए सघन जांच अभियान के दौरान गांव बेहबलपुर स्थित एक कॉलेज की बस का चालक नशे में मिला। पुलिस ने बस को इंपाउंड कर लिया जबकि अन्य चार स्कूलों की बसों के परमिट ने होने व फिटनेस सर्टिफिकेट न होने के कारण इंपाउंड किया गया । प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन टोहाना के पदाधिकारी बलदेव सैनी ने बताया कि आरटीओ द्वारा निजी स्कूल बसों पर 27 कड़े नियम लागू किये गए है।

## लोकआस्था

### दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा

## रामलला का ब्रह्म मुहूर्त से रात्रि 11 बजे तक होंगे दर्शन : चम्पत

**अयोध्या। एजेंसी**

- पर्दा बन्द रहने के समय धैर्य बनाकर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें, तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर रामनवमी पर्व के सम्बंध में कुछ नयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में मंगला आरती के पश्चात ब्रह्म मुहूर्त में अति-प्रातः 3:30 बजे से अभिषेक श्रृंगार एवं दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5 बजे होगी। श्री रामलला का दर्शन एवं सभी पूजा विधि यथावत साथ-साथ चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है,जो मंगला आरती से रात 11 बजे तक चलेगा। भगवान को चार बार भोग लगाने के लिए सिर्फ पांच-पांच मिनट ही पर्दा बंद रहेगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से निवेदन किया है कि पर्दा बन्द रहने के समय धैर्य बनाकर रहें एवं श्री राम नाम संकीर्तन तथा प्रभु का भजन करते रहें। उन्होंने बताया कि रात्रि 11 बजे तक दर्शन का क्रम पूर्ववत चलता रहेगा। तत्पश्चात परिस्थिति अनुसार भोग एवं शयन आरती होगी। शयन आरती के पश्चात प्रसाद मन्दिर निकास मार्ग पर मिलेगा। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि दर्शनार्थी अपना मोबाइल, जूता, चप्पल, बड़े-बैग एवं प्रतिबंधित सामग्री आदि जितना दूर सुरक्षित रखकर आएंगे, दर्शन में उतनी ही अधिक सुविधा होगी। संभवतः ये सभी सामान आदि अपने गुरू स्थान आदि में रखें तो सुगमता रहेगी। उन्होंने बताया कि दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 16, 17, 18 एवं 19 अप्रैल को सुगम दर्शन पास, वी.आई.पी. दर्शन पास, मंगला आरती पास, श्रृंगार आरती पास एवं शयन आरती पास नहीं बनेंगे अर्थात किसी भी प्रकार के पास जारी नहीं किए जाएंगे। अर्थात उपरोक्त दिनों में सभी सुविधाएं निरस्त रहेगी। उन्होंने कहा कि सुग्रीव किला के नीचे, बिड़ला धर्मशाला के सामने, श्री रामजन्मभूमि प्रवेश द्वार पर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र' द्वारा यात्री सेवा केन्द्र बनाया गया है। जिसमें जन-सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिल कर बैगा बालिकाओं ने भेंट की गोंडी पेंटिंग

- 30 छात्रों के साथ ही छह सदस्यीय शिक्षक दल रहे शामिल

**अनूपपुर। एजेंसी**



जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड के ग्राम पोंडकी में संचालित मां शारदा कन्या विद्यापीठ की छात्राओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। इस दौरान विद्यालय की 30 छात्रों के साथ ही छह सदस्यीय शिक्षक दल उपस्थित रहा। विद्यालय की छात्राओं से मिलते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने उनसे शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही विद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी शिक्षकों ने राष्ट्रपति को दी। इसके साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा बनाई गई गोंडी पेंटिंग राष्ट्रपति को भेंट की गई। बैगा बालिकाओं का दल रविवार की शाम अनूपपुर पहुंचा। मां शारदा कन्या विद्यापीठ स्थानीय बैगा बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। जहां प्रतिवर्ष 100 छात्राओं को शिक्षित किया जाता है। यह विद्यालय आवासीय विद्यालय है। विद्यालय के संस्थापक स्वप.डॉ प्रवीर सरकार मुख्य रूप से कोलकाता के रहने वाले थे। नर्मदा परिक्रमा के लिए अमरकंटक आए थे। यहां के बैगा ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए उन्होंने यहां विद्यालय प्रारंभ किया था।

## आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी ने 9 स्वर्ण सहित जीते 15 पदक



**वाराणसी। एजेंसी**

वाराणसी स्थित आशापुर में रविवार को जिला कराटे चैंपियनशिप एवं सेलेक्शन का आयोजन किया गया, जिसमें वाराणसी के आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और सभी ने पदक जीता। अकादमी के 9 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 3 ने रजत और तीन ने कांस्य पदक हासिल किया। अकादमी के मुख्य कोच अरविंद कुमार ने बताया कि इन प्रतियोगिता में एकेडमी की टीम दूसरे स्थान पर रही, साथ ही 12 खिलाड़ियों का चयन वाराणसी कराटे टीम में हुआ है और ये खिलाड़ी आगामी राज्य प्रतियोगिता, जो कि 20 और 21 अप्रैल 2024 को लखनऊ में आयोजित होगी , वाराणसी टीम का प्रतिनिधित्व करेंग।

**आर. बी. मार्शल आर्ट्स अकादमी के पदक विजेता खिलाड़ी :-**

**स्वर्ण पदक :** अदिति सोनकर, शिवेश शर्मा, वैष्णवी तिवारी, विमलेश यादव, अनुष्का कुमारी, धैर्य बरनवाल, वैदिक सिंह, राज पांडेय, खुशी मजूमदार।

**रजत पदक :** भूमि राय, तन्मय, शुचय कुमार मिश्रा।

**कांस्य पदक :** आरना गुप्ता, शिवानी गुप्ता, विष्णु तिवारी

# आईपीएल : टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने रोहित शर्मा



● रोहित ने इस आईपीएल सीजन के छह मैचों में 52.20 की औसत और 167 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से एक शतक के साथ 261 रन बनाए हैं

**मुंबई। एजेंसी**

भारत और मुंबई इंडियंस (एमआई) के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट में 500 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। रोहित ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। रोहित ने मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 63 गेंदों में 105 रन बनाए। उनकी पारी में 11 चौके और पांच छक्के शामिल थे। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान ने 166.67 की स्ट्राइक रेट से ये रन बनाए। मैच में लगाए गए 5 छक्कों के साथ ही टी-20 क्रिकेट में रोहित के नाम 502 छक्के हो गए हैं।

टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल (1,056 छक्के) के हैं, उनके बाद वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (860 छक्के), आंद्रे रसेल (678 छक्के) और कॉलिन मुनरो (548 छक्के) हैं। रोहित ने इस आईपीएल सीजन के छह मैचों में 52.20 की औसत और 167 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से एक शतक के साथ 261 रन बनाए हैं। मैच की बात करें तो मुंबई ने टॉस जीतकर सीएसके को पहले बल्लेबाजी करने का मौका दिया। अजिंक्य रहाणे (5) और रचिन रवींद्र (16 गेंदों में 21 रन, दो चौका और एक छक्का) ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाए, हालांकि कप्तान रुतुराज

गायकवाड़ (40 गेंदों में 69 रन, पांच चौके और पांच छक्के) और शिवम दुबे (38 गेंदों में नाबाद 66 रन, 10 चौके और दो छक्के) और अंतिम ओवर में एमएस धोनी (चार गेंदों में नाबाद 20 रन, तीन छक्के) की विस्फोटक पारी की बदौलत सीएसके ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 206 रन बनाए। मुंबई के लिए हार्दिक पांड्या ने 2, श्रेयस गोपाल और गेराल्ड कोएत्जी को एक-एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम ने शानदार शुरूआत की, ईशान किशन (15 गेंदों में 23 रन, तीन चौका, एक छक्का) और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े। रोहित अपना दूसरा आईपीएल शतक बनाने में सफल रहे, लेकिन तिलक वर्मा (31 रन) के अलावा रोहित को किसी और बल्लेबाज का साथ नहीं मिला और मुंबई की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन ही बना सकी और 20 रन से मैच हार गई। सीएसके के लिए मथीशा पथिराना (4/28) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। मुस्ताफिजुर रहमान और तुषार देशपांडे को भी 1-1 विकेट मिला।

## एक नजर

### लातविया, अजरबैजान ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**हांगकांग।** लातविया की पुरुष और अजरबैजान की महिला 3x3 टीमों ने रविवार को यहां पहला फीबा 3x3 ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। हांगकांग में यूनिवर्सलिटी-संचालित ओलंपिक टूर्नामेंट 1 (यूओक्यूटी 1) में पुरूष और महिला दोनों वर्गों में आठ-आठ टीमों ने भाग लिया है, प्रत्येक वर्ग के विजेता सीधे पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर रहे हैं। पुरुष वर्ग में मौजूदा स्वर्ण पदक विजेता लातविया ने ऑस्ट्रिया पर 19-14 से जीत के साथ ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। नौरिस मिजिस एक बार फिर टीम के स्टार खिलाड़ी थे क्योंकि उन्होंने फाइनल में पांच अंक और सात रिबाउंड लगाए, जिससे उन्हें इवेंट का एमवीपी नामित किया गया। लातविया सर्बिया, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन की सूची में शामिल हो गया है। जिन्होंने 1 नवंबर, 2023 तक फीबा 3x3 फेडरेशन रैंकिंग के आधार पर सीधे पेरिस 2024 के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है।

### मैं नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता : पथिराना



**मुंबई।** अपनी शानदार गेंदबाजी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने कहा कि वह नतीजों के बारे में ज्यादा नहीं सोचते, सिर्फ अपने क्रियान्वयन को लेकर चिंतित रहते हैं। पथिराना ने मैच में अपने चार ओवर में 28 रन देकर 4 विकेट लिए। पथिराना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण सीएसके के पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे, लेकिन जब उन्होंने मुंबई के खिलाफ वापसी की तो अपनी शानदार गेंदबाजी की बदौलत सीएसके को 20 रन से जीत दिला दी, उन्हें उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। रविवार को मैच समाप्त होने के बाद पथिराना ने कहा जब हम पावरप्ले में गेंदबाजी कर रहे थे तो मैं काफी घबराया हुआ था। मुझसे कहा गया कि मैं शांत रहूं और अपना काम करूं, इससे मुझे आत्मविश्वास मिला।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिपः अंजू और हर्षिता ने जीता रजत पदक

**बिश्केक। एजेंसी**

किर्गिस्तान के बिश्केक में चल रहे 2024 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रविवार को भारत की पहलवान अंजू और हर्षिता ने रजत पदक जीता। अंजू ने महिलाओं के 53 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि हर्षिता महिलाओं के 72 किग्रा वर्ग में दूसरे स्थान पर रहीं। मनीषा और अंतिम पंघाल ने भी क्रमशः महिलाओं के 62 किग्रा और 65 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किए। फिलीपींस की अलिया गावलेज के खिलाफ अपना मैच 12-1 से जीतने के बाद, अंजू ने क्वार्टर फाइनल में श्रीलंका की पहलवान नेथमी पोरुथोटेज को 14-4 से हराया। उन्होंने सेमीफाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की चुन लेई पर 9-6 से जीत हासिल की। हालांकि, अंजू फाइनल में पिछड़ गईं और उन्हें डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की जी हयांग किम से 10-0 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हर्षिता भी महिलाओं के 72 किग्रा के स्वर्ण पदक मैच में चीन की कियान जियांग से 5-2 से हार गईं और रजत पदक हासिल किया। सेमीफाइनल में जापान की सकुरा मोटोकी से 3-0 से हार का सामना करने के बाद, मनीषा ने महिलाओं के



62 किग्रा में कांस्य पदक मैच में फिलीपींस की एरियन जी कार्पो पर 5-0 की आसान जीत हासिल करने के बाद कांस्य पदक जीता। अंतिम ने रविवार को महिलाओं के 65 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए दूसरा कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने अपना कांस्य पदक मुकाबला जीता क्योंकि उनके प्रतिद्वंद्वी, दक्षिण कोरिया के सोबिन किम घायल हो गए थे।

रविवार को चार पदकों के साथ, एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 में भारत के पदकों की संख्या कुल 9 हो गई है, जिसमें चार रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। पहले दिन शनिवार को तीन पदक आए, जिसमें पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में एक रजत और दो कांस्य शामिल थे।

## क्लाइंबिंग विश्व कपः जंजा गार्नब्रेट ने जीता महिला वर्ग का खिताब

**सूजौ। एजेंसी**

स्लोवेनिया की जंजा गार्नब्रेट ने रविवार को यहां 2024 आईएफएससी क्लाइंबिंग विश्व कप में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्रिटेन के टोबी रॉबर्ट्स ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता। शाओक्सिंग केकियाओ में बोल्डर वर्ग में खिताब जीतने के कुछ ही दिनों बाद ओलंपिक चैंपियन ने सीजन-ओपनिंग लीड प्रतियोगिता जीती। गार्नब्रेट आठ फाइनलिस्टों में से एकमात्र एथलीट थीं जिन्होंने शीर्ष स्थान हासिल किया और विश्व कप स्वर्ण पदक जीता।

25 वर्षीय खिलाड़ी ने एक दिन पहले सेमीफाइनल में भी यही उपलब्धि हासिल की थी। चीन की लुओ झिलू ने 44 स्कोर के साथ रजत पदक जीता, जो विश्व कप में उनका पहला लीड पदक है। दक्षिण कोरिया के



सेओ चाए-ह्यून ने 43 के साथ कांस्य पदक जीता। जीत के बाद गार्नब्रेट ने सिन्हुआ के हवाले से कहा बोल्डर के साथ मेरी शुरूआत अच्छी रही और मुझे उम्मीद थी कि लीड के साथ भी मेरी वही स्थिति होगी, और मुझे लगता है कि मेरी लीड का आकार बोल्डर जितना ही अच्छा है,मैं अब घर वापस जाने और इंसब्रुक में विश्व कप के लिए लौटने से पहले कुछ और प्रशिक्षण लेने के लिए उत्साहित हूं। पुरुष वर्ग के फाइनल में रॉबर्ट्स ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि जापान के ताइसी होमा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जापान के सोराटो अनराकु ने कांस्य पदक जीता।

## यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंटः ढाका जाने से पहले भारतीय दल को दी गई भव्य विदाई

**नई दिल्ली। एजेंसी**

स्पेशल ओलंपिक भारत ने सोमवार को स्पेशल ओलंपिक साउथ एशिया 7-ए-साइड यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट 2024 के लिए ढाका जाने वाले भारतीय दल के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 16 से 20 अप्रैल 2024 तक ढाका में होने वाला है। इस समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ तरनजीत और एमआरआईआईआरएस के डीन डॉ एनसी वाधवा मौजूद थे। स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक वीरेंद्र कुमार महेंद्रू ने भी दर्शकों को संबोधित



किया। उपस्थित दर्शकों की खुशी के लिए और भारतीय एथलीटों की प्रतिभा की झलक दिखाने के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों के दो एक्सीवेशन मैच भी आयोजित किए गए। मानव रचना यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भी मैचों में भाग लिया। टूर्नामेंट में भारत की दो टीमें क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की भाग लेंगी। एक टीम में 11 एथलीट और प्रत्येक में एकीकृत भागीदार, साथ ही पांच कोच शामिल हैं। जो आठ राज्यों (उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली) का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस आयोजन में पांच देशों - बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, मालदीव और हांगकांग का प्रतिनिधित्व करने वाली नौ एकीकृत फुटबॉल टीमें भाग लेंगी। मैच बशुंधरा किंग्स स्पोर्ट्स एरिना स्टेडियम (बशुंधरा), ढाका में आयोजित किए जायेंगे।

भारतीय दल को प्रेरित करते हुए स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन डॉ मल्लिका नड्डा ने कहा ढाका में 7-ए-साइड यूनिफाइड फुटबॉल टूर्नामेंट खेल के मैदान पर और बाहर विभिन्न पृष्ठभूमि और क्षमताओं के लोगों को जोड़ने में यूनिफाइड स्पोर्ट्स की उत्कृष्ट शक्ति पर ध्यान आकर्षित करने का एक और अवसर है।

### मेजर लीग क्रिकेटः स्टीवन स्मिथ के साथ वाशिंगटन फ्रीडम टीम में शामिल हुए ट्रैविस हेड

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड मेजर लीग क्रिकेट 2024 (एमएलसी) के आगामी संस्करण के लिए वाशिंगटन फ्रीडम में अपने हमवतन स्टीवन स्मिथ के साथ शामिल होंगे। टी20 विश्व कप के समापन के बाद 4 जुलाई को एमएलसी शुरू होगी। हेड ने विश्व कप के बाद आराम करने के बजाय क्रिकेट खेलने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के समापन के बाद सितंबर तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलेगा, जिसके बाद वे इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे पर निकलेंगे। हेड वर्तमान में चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। उन्होंने चार मैचों में भाग लिया है और 33.25 की औसत और 172.73 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप जीत के बाद, हेड ने इस साल फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी घरेलू सफेद गेंद श्रृंखला से बाहर होने का फैसला किया था। हेड और स्मिथ वाशिंगटन फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग ने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली और एमएलसी फ्रेंचाइजी के नए कोच बने। स्मिथ पिछले साल फ्रीडम के ब्रांड एंबेसडर के रूप में टीम में शामिल हुए थे। ऑस्ट्रेलिया में स्मिथ की स्थानीय टीम, न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) ने फ्रीडम के साथ एक उच्च-प्रदर्शन समझौता किया है। स्मिथ के अलावा, फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की। उन्होंने 2023 सीजन के दो विदेशी खिलाड़ियों - मार्को जानसन और अकील होसेन को भी बरकरार रखा।स्मिथ और हेड के अलावा, एमएलसी के दूसरे सीजन में शामिल होने वाले अन्य ऑस्ट्रेलियाई सितारों में एडम जम्पा (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्पेंसर जॉनसन (नाइट राइडर्स) और टिम डेविड (एमआई न्यूयॉर्क) हैं।

# कारोबार की खबरें

## ईरान-इजराइल तनाव के कारण टूटा शेयर बाजार, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ईरान और इजराइल के बीच बने तनाव का असार घरेलू शेयर बाजार पर भी नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत बड़ी गिरावट के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर सेंसेक्स और निफ्टी को सहारा देने की कोशिश भी की। इसके बावजूद ये दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही बने हुए हैं। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टीसीएस, नेस्ले और टाइटन कंपनी के शेयर 3.86 प्रतिशत से लेकर 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, श्रीराम फाइनेंस, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बीपीसीएल और अडाणी एंटरप्राइज के शेयर 2.39 प्रतिशत से लेकर 1.82 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,159 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 178 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,981 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 8 शेयर हरे निशान में और 42 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 929.74 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 73,315.16 अंक के स्तर पर खुला।

## थोक महंगाई दर बढ़कर 0.53 फीसदी पर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में इजाफे के कारण मार्च में थोक महंगाई दर मामूली बढ़कर 0.53 फीसदी पर पहुंच गई है। इसी साल फरवरी में यह दर 0.20 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर मार्च, 2024 में 0.53 फीसदी रही। इससे पिछले महीने फरवरी में यह 0.20 फीसदी रही थी।



दरअसल, डब्ल्यूपीआई आधारित थोक महंगाई दर अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। हालांकि, नवंबर, 2023 में यह 0.26 फीसदी रही थी, जबकि दिसंबर, 2022 में यह 5.02 फीसदी के स्तर पर थी। मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक आलू की महंगाई मार्च, 2023 में 25.59 फीसदी थी, जो मार्च, 2024 में 52.96 फीसदी रही है। इसी तरह प्याज की महंगाई 56.99 फीसदी रही है, जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 फीसदी थी। आंकड़ों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में महंगाई 10.26 फीसदी बढ़ गई है। हालांकि, ईंधन और बिजली की महंगाई मार्च में शून्य से 0.77 फीसदी घटी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से पिछले हफ्ते जारी सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गई है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में गिरावट का दबाव बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र में दबाव में कारोबार करते नजर आए। एशियाई बाजार में भी आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। अमेरिका में शुक्रवार को आए महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी बाजार 1.5 प्रतिशत तक लुढ़क गए। डाउ जॉन्स 475 अंक टूट कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,123.41 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 270.80 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,171.40



अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,044.15 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,995.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,010.53 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.13 प्रतिशत टूट कर 17,930.32 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

ईरान और इजराइल के बीच बनी तनाव की स्थिति की वजह से एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,286.88 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज 1.20 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगा कर 3,055.99 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतरत्न डॉ. भीमरावअम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधान कार्यालय में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलॉईज यूनियन, प्रधान कार्यालय जीएलओ शाखा द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एन डबल्यू आर ई यू के महामंत्री मुकेश माथुर द्वारा बाबा साहब की तस्वीर पर माला पहनाकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होने बाबा साहब की जयंती पर शुभकामनाएँ देते हुए, उनके द्वारा किए गए संघर्षों के बारे मे बताते हुए कहा कि यूनियन द्वारा हर वर्ष आज ही के दिन पूरे जोन के प्रत्येक मण्डल, कार×खाना व शाखाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।
इस अवसर पर उत्तम बाथरा, प्रेम नारायण, नारायण सिंह, एल एन रैगर आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव राजीव सारण ने किया तथा उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सभी साथियों का इस कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया। सभी को बाबा साहेब अंबेडकर जी के जन्मदिन पर मिठाई वितरित की गई। इस अवसर पर सोनल माथुर, आरती अग्रवाल, जमना कंवर, लक्ष्मी धाभाई, धर्मेश बैरवा, महे-श बोहरा, बिपिन परमार, शिव कुमार, दान सिंह, धूलेश्वर मीना, मोहन लाल कुमावत आदि सहित प्रधान कार्यालय के उपस्थित कर्मचारियों ने बाबा साहब की तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर उन्हे याद किया।

### दिया कुमारी रहीं नवमतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम' में मुख्य अतिथि



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जयपुर स्थिति बिडला ऑडिटोरियम में भारतीय लोकतंत्र पर्व लोकसभा चुनाव 2024 के तहत आयोजित 'नवमतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम' में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर युवाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कि-सी भी राष्ट्र को 'विकसित' बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पूर्ण विश्वास के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प 'विकसित राष्ट्र' को कारगर बनाने में युवा एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे।
कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला,जयपुर लोकसभा प्रभारी डॉ एस.एस अग्रवाल, संयोजक सर्वेश अग्रवाल,सक्षम गुप्ता एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### श्रीनगर पंचायत समिति पेंशनर समाज द्वारा स्वीप कार्यक्रम आयोजित




**चमकता राजस्थान। श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)** श्रीनगर पेंशनर समाज के त्वं दान में स्वीप कायक्रम को लेकर शपथ ली सहायक विकास अधिकारी मनोज मौर्य, शिव शंकर सिंह प्रेम प्रक-ाश बोहरा शारीरिक शिक्षक कविता गहलोत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे मौजूद।

# भाजपा के पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व : भजन लाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के होटल क्लार्क आमेर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करने वाला है। राजस्थान पीएम मोदी की गारंटी के साथ है। हम प्रदेश की जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकसित भारत 2047 के संकल्प को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएंगे। हमारा संकल्प पत्र जनता के लिए जनता द्वारा तैयार किया गया एक पवित्र विजन दस्तावेज है। भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर की पावन जयंती पर विकास का संकल्प पत्र देश के सामने प्रस्तुत किया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं यह संकल्प पत्र गारंटी के पूरा होने की गारंटी है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हमारे पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। हमारे पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। विपक्षी घमंडीया गठबंधन के पास ना तो नियत है, ना नेता है और




ना ही नीति है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को अपना ध्येय मान कर काम करती रही है। वर्ष 2014 में जो भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था वही आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की गारंटी है। मोदी की गारंटी की बात करें तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, गरीब कल्याण के तहत 25 करोड़ लोगो को गरीबी रेखा से बाहर निकालना शामिल है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी बनाते हुए पेपर माफियाओं के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। राजस्थान की बात करें तो हमारे यहां 100 दिन के अन्दर पेपर लीक के खिलाफ जो कार्रवाई हुई है वह युवाओं को सुकून प्रदान करती है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति पर केंद्रित है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया, जन औषधि केंद्रो का विस्तार जहां पर 80 प्रतिशत सस्ती दवाइयां मिलती हैं, आयुष्मान भारत के तहत 70 साल की आयु से ऊपर वाले बुजुर्गों को 5 लाख का मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ घर बनाने के बाद 3 करोड़ नए घर बनेंगे। पहले उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिये थे और अब गैस की पाईपालाईन बिछाने का काम किया जाएगा। सूर्य घर योजना के अंतर्गत मुफ्त बिजली, स्वंय सहायता समूहों की 10 करोड़ महिलाओं को सर्विस सेंटर से जोड़ना और जहां पहले एक करोड़ लखपति दीदी बनाई अब आगे 03 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल घोषणा पत्र जारी करती है, जबकि भाजपा आम जन से सुझाव लेकर संकल्प पत्र जारी करती है जिसे तय समय में पूरा भी किया जाता है। राजस्थान सरकार की बात करें तो हमने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उनमें से 40-45 प्रतिशत वादे पूरे हो चुके हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, अक्षय थर्मल ऊर्जा में 2 लाख 24000 करोड़ के समझौते, पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ एसआइटी, 450 में गैस सिलेंडर, अपराधों की रोकथाम पर टास्क फोर्स ,पेट्रोल डीजल पर वैट और फ्रेट कम करके जनता को राहत देने का काम राजस्थान सरकार ने किया है। वहीं राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढाई, जनप्रतिनिधियों का भत्ता बढ़ाने का कार्य किया है। जहां समस्याएं हैं वहां हम समाधान देते हैं।

## आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने अपने पिछले प्लेसमेंट रिकॉर्ड के मुकाबले दोगुने से अधिक उच्चतम पैकेज के साथ इस वर्ष बनाया नया रिकॉर्ड

### "कोविड के बाद हेल्थकेयर में भारी निवेश के चलते प्लेसमेंट पैकेज में हुई वृद्धि : डॉ. पीआर सोडानी

नेशनल, 15 अप्रैल, 2024

भारत के अग्रणी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 35.62 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ इस सीजन में अब तक का अभूतपूर्व प्लेसमेंट दर्ज किया है। वर्ष 2022 में आईआईएचएमआर के 17.22 एलपीए के उच्चतम पैकेज को पीछे छोड़ते हुए यह अब तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज है। संस्थान में चल रहे प्लेसमेंट में 75 प्रतिशत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में उल्लेखनीय पैकेज पर विभिन्न भूमिकाओं पर रखा गया है।
आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ. पीआर सोडानी ने प्लेसमेंट के बारे में बताया कि, ''-इस साल कैंपस में भर्तीकर्ताओं से उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त होने की हमें बेहद खुशी है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वैश्विक प्रोत्साहन को देखते हुए हेल्थकेयर इंडस्ट्री के पैकेज में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मैं छात्रों को उल्लेखनीय प्लेसमेंट पाने पर




हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं, वे अपनी सफलता की कहानियां इसी प्रकार लिखते रहेंगे।''
उल्लेखनीय है कि प्रिस्टिन केयर और इनडीड की एक कोलेबोरेटिव स्टडी के अनुसार, जनवरी 2021 और जनवरी 2023 के बीच हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिए की गई जॉब पोस्टिंग में 22.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारत में इन पेशेवरों की बढ़ती मांग की ओर संकेत करता है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट अधिकारियों के अनुसार, एचजे हॉस्पिटल, आईपीई ग्लोबल, नुवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड, टाटा एआईजी, ल्यूपिन, डेलॉइट, पीडब्ल्यूसी, ईएंडवाई, इंफोसिस, फोर्टिस, आदि अस्पताल की एक लंबी सूची में से कुछ नाम है, इनके साथ रिक्रूटर्स की कुल संख्या 60 से अधिक हो गई है। सेक्टर-वार प्लेसमेंट डेटा से पता चला है कि 30 प्रतिशत के साथ हॉस्पिटल सेक्टर रिक्रूटर्स में प्रथम स्थान पर है, इसके बाद कंसल्टेंसी, फार्मास्युटिकल और हेल्थ आईटी सेक्टर की क्रमशः 15 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 11 प्रतिशत और 11 प्रतिशत भागीदारी है।
उल्लेखनीय है कि चालू वर्ष में 13 लाख और उससे अधिक का पैकेज हासिल करने वाले छात्रों की संख्या में 220 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में 10 लाख से अधिक सीटीसी रेंज में छात्रों की संख्या में 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी प्रकार 8 एलपीए प्लस पैकेज में 2021-23 की तुलना में 115 प्रतिशत की सराहनीय वृद्धि देखी गई।

**संपादकीय सारांश:**

- **उच्चतम पैकेज 35.62 एलपीए**
- **अब तक का औसत पैकेज 8 एलपीए प्लस**
- **6 छात्रों ने 30 एलपीए और उससे अधिक के पैकेज हासिल किए**

### दीपिका पादुकोण के ब्रांड '82°E' ने की रिलायंस रिटेल के 'टीरा' संग साझेदारी




**चमकता राजस्थान। मुंबई।** ग्लोबल इंडियन आइकॉन दीपिका पादुकोण के सेल्फ-केयर ब्रांड '82तए' ने सोमवार को रिलायंस रिटेल के ब्यूटी प्लेटफॉर्म 'टीरा' के साथ साझेदारी की घोषणा की। दीपिका का ब्रांड अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। 82तए स्किनकेयर और बॉडी केयर प्रोडक्ट के साथ पुरुषों के लिए भी एक खास रेंज लेकर आया है, जिसमें अश्वगंधा बाउंस, लोटस स्पलैश और हल्दी शील्ड जैसे सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद टीरा पर उपलब्ध होंगे। टीरा ऐप और वेबसाइट से इन्हें खरीदा जा सकता है। शुरूआत में 82तए के प्रोडक्ट मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और पुणें में टीरा ऑफलाइन स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे।
रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा एम अंबानी ने कहा कि हम 82तए के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं। यह साझेदारी टीरा के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाती है और हमें अपने ग्राहकों को प्रीमियम स्कीन केयर प्रोडक्ट्स पहुंचाने में मदद करती है। हमारा लक्ष्य पहली बार ऑफलाइन रिटेल में 82तए उत्पादों को पेश करना है।
फिल्मस्टार और 82तए की सह-संस्थापक, दीपिका पादुकोण ने बताया कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि 82तए अब टीरा के ऑनलाइन और स्टोर्स पर उपलब्ध है। स्किन केयर को सरल बनाना और सेल्फ केयर को हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बनाना हमारा उद्देश्य है।

# पहले मतदान फिर जलपान का लें संकल्प: पूनावाला

## भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने युवा प्रवाह के मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम को सम्बोधित किया

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने युवाओं का आव्हान किया कि वह 19 एवं 26 अप्रेल को राजस्थान में होने वाले लोकसभा चुनाव में सबसे पहले मतदान करने जाये उसके बाद ही जलपान करें।
युवा प्रवाह की ओर से जयपुर के बिडला सभागार में नवमतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शहजाद पूनावाला ने क्लिक्स, ब्रिक्स, टिक्स और फिक्स के बाद भारत ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। जय श्री राम के उद्घोष के साथ नवमतदाताओं से अबकी बार 400 पार के नारे लगवाने के साथ उन्होंने 2014 से 2024 के बीच भारत में हुए अभूतपूर्व विकास को सिलसिलेवार बताते हुए ना केवल युवाओं को प्रभावित किया बल्कि उनमें नये जोश का संचार भी किया। उन्होंने कहा कि इन 10 सालों में लोगों की भावना भी बदली है और धरातल की वास्तविकता भी बदली है।
पूनावाला ने कहा कि घोंटालों, पेपरलीक, अत्याचार, अनाचार और अपराधों के साथ-साथ आतंकवाद से बाहर निकलकर अब विकसित भारत 5जी और 6जी की ओर बढ चुका है। जी20 की सफलता ने विश्व में भारत का



डंका बजा दिया है। उन्होंने कहा कि विगत 10 वर्षों मे भारत की अर्थव्यवस्था में तीव्रतम वृद्धि हुई है साथ ही विदेश नीति में भी भारत ने प्रगति की है। यही कारण है कि ''मोदी है तो मुमकिन है'', यह वास्तविकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत में पीएफआई जैसे आतंकी संगठनों को जुलूस निकालने की इजाजत मिलती थी जबकि हिन्दू संगठनों के लिए प्रतिबंध लगाये जाते थे। भारत की कानून व्यवस्था भी इसी तुष्टिकरण की भेंट चढ गई। पूनावाला ने कहा कि यूपीए ने परिवारवाद की पताका लहराई, जबकि मोदी जी ने सनातन की पताका फहराई। उन्होंने कहा कि डिजिटल इको सिस्टम में भारत तेजी से आगे बढ रहा है। उन्होंने युवाओं का आ''ान किया कि चूकि वे आज डिजिटल क्रांति से जुडे हुए हैं इसलिए उन्हें सोशियल मीडिया पर भारत के बढते हुए आत्म विश्वास की रील देखनी चाहिए। पूनावाला ने कहा कि सडक, हाईवे, एयरपोर्ट, रेल्वे, मेट्रो रेल, हवाई हडडे निर्माण और हवाई सेवा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेडिकल डवलपमेंट एवं उपकरण निर्माण के साथ साथ खाद्य उत्पादन सहित अनेक ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है।
कार्यक्रम को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दीया कुमारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त और मजबूत भारत के विजन को लेकर कहा कि यह नया भारत आज के युवाओं के लिए ही होगा, इसलिए वे प्रधानमंत्री के इस विजन को समझे इसके बाद ही वोट करें।
इससे पहले प्रस्तावना रखते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे अन्य राज्यों की तरह राजस्थान में भी श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बन चुकी है जो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन को पूरा करेंगी। उन्होंने कहा कि 10 साल पूर्व जिन मुद्दों की वजह से उस समय के युवाओं ने मोदीजी को वोट दिये थे, वह मोदी जी ने पूरे किए हैं और आगे भी इसी तरह से विकास की प्रगति को अगर जारी रखना है तो अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान करने के लिए लोकसभा चुनाव में ईवीएम पर कमल का बटन दबाएं। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में जयपुर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक डॉ. एस एस अग्रवाल एवं कार्यक्रम सहसंयोजक सक्षम गुप्ता भी मौजूद रहें।
कार्यक्रम समन्वयक आनन्द अग्रवाल के अलावा श्रद्धा, मान्या, एकता, वर्निका, पल्लवी ने मुख्य वक्ता शहजाद पूनावाला और मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में 3 हजार से ज़्यादा युवाओं और नव मतदाताओं ने भाग लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929